




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 14, अंक - 37 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 20 नवंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास खबर...

### फुटबॉल महाकुंभ में गूंजेगी पानवाले की बेटी शैफाली की आवाज

**मंडला ( एजेंसी )।** फीफा फुटबॉल वर्ल्ड कप का आगाज आज से होने जा रहा है। ओपनिंग सेरेमनी भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे और मैच साढ़े नौ बजे से शुरू होगा। ये वर्ल्ड कप मध्य प्रदेश के लिए खास है। क्योंकि इसमें मंडला-नैनपुरी की बेटी शैफाली चौरसियां अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगी। फुटबॉल वर्ल्ड कप के दौरान कतर में शैफाली के 13 शो होने वाले हैं। बता दें कि जिस शैफाली की हम बात कर रहे हैं वो मंडला के पान कारोबारी संतोष चौरसिया की बेटी हैं। 29 वर्षीय शैफाली को बचपन से गायन का शौक था, वे इस विधा में कई अवॉर्ड भी अपने नाम कर चुकी हैं। शैफाली अब फुटबॉल वर्ल्ड कप में मुंबई के म्यूजिशियन मिलिंद वानखेड़े और उनकी टीम के साथ कतर में परफॉर्मेंस देंगी। शैफाली इसे किसी सपने से कम नहीं मान रहीं। फुटबॉल के इस महाकुंभ में भारत से 70 सदस्यों का एक दल कतर पहुंचा है। शैफाली को ग्रेविटास मैनेजमेंट FZE संयुक्त अरब अमीरात की ओर से बुलावा आया है। अलखोर के फेन जॉन में शैफाली और टीम के कुल 13 शो होंगे।

## प्रदेश के पीडीएस दुकानों में अब होगा बैंकिंग का काम

# मॉडल राशन की दुकानों पर काम शुरू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में मॉडल शासकीय उचित मूल्य की दुकान शुरू किए जाएंगे। यह दुकानें जिलों में चरणबद्ध ढंग से शुरू की जाएंगी। खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा ने खाद्य अधिकारियों को इसके लिए तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए हैं। मॉडल उचित मूल्य दुकानों में राशन सामग्री के साथ अन्य जरूरी वस्तुएं भी बिक्री के उपलब्ध रहेंगी। इसके अलावा बैंकिंग कॉरस्पोंडेंट जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी।

खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा ने खाद्य विभाग की समीक्षा बैठक में खाद्य अधिकारियों को राज्य के हर जिले में जिला प्रशासन के सहयोग से मॉडल राशन दुकान शुरू करने के लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी और कस्टम मिलिंग की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा



कि नवीन धान खरीदी केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। सभी जिलों में राईस मिलों के पंजीयन का कार्य पूर्ण कर धान का उठाव तेजी से किया जाए।

खाद्य विभाग के संचालक सत्यनारायण राठौर ने बैठक में कहा कि माह नवम्बर की राशन सामग्री का भण्डारण समय पर करने के साथ ही क्लोजिंग स्टॉक की गणना की कार्यवाही सभी जिलों द्वारा पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने कहा कि राशनकार्डों में आधार सीडिंग हेतु शेष सदस्यों की कार्रवाई नवम्बर माह में पूर्ण की जाये। नए जिलों में प्रोग्रामर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था की जाये। उचित मूल्य दुकानों के संचालन को आर्थिक रूप से अधिक लाभदायक बनाये जाने के लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक, दूरसंचार विभाग, ऑयल कंपनियों तथा नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा दिए गए सुझाव अनुसार नई योजनायें लागू की जाए।

### अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

सार्वजनिक वितरण प्रणाली, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, कस्टम मिलिंग तथा विभाग के अन्य मुद्दों पर विस्तृत प्रशिक्षण भी अधिकारियों को इस मौके पर दिया गया। इसके साथ ही शासकीय उचित मूल्य दुकानों के जरिए उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक, दूरसंचार विभाग, ऑयल कंपनियों और नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में खाद्य विभाग के अपर संचालक राजीव जायसवाल, अजय कुमार अग्रवाल, संयुक्त संचालक दयामणी मिंज, विक्रमराम भगत, नागरिक आपूर्ति निगम के कंपनी सचिव संदीप अग्रवाल, सहायक महाप्रबंधक संतोष अग्रवाल एवं प्रदेश के सभी खाद्य नियंत्रक एवं खाद्य अधिकारी उपस्थित थे।

## फूड प्वाइजिंग के शिकार हुए चार बच्चे, सर्दियों के मौसम में खान-पान में रखे सावधानी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** सर्दियों के मौसम में सब्जियों का प्रयोग सावधानी से करना बहुत जरूरी है। थोड़ी सी भी लापरवाही से लेने के देने पड़ सकते हैं। ऐसा ही एक मामला कोरबा से सामने आया है जहां ग्राम रिसदी के चार बच्चे फूड प्वॉइजनिंग का शिकार हो गए। उन्हें कोरबा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

निजी ट्रांसपोर्ट कंपनी में ट्रक ड्राइवर के काम से जुड़े राजकुमार एक्का की पत्नी का निधन कुछ वर्ष पहले हो गया है। उनके चार बच्चे रिसदी में ही रहकर पढ़ाई करते हैं। बच्चों ने पहले खाना बनाया फिर खाना खाने के बाद ट्यूशन चले गये। इसी के साथ उनकी स्थिति बिगड़ गई। बड़ी बेटी 15 वर्षीय दुर्गेश्वरी और 12 वर्षीय दुर्गेश को उल्टी होनी शुरू हो गई जबकि 10 वर्षीय दुर्गा और 9 वर्षीय किरण को चक्कर आने लगे। बताया गया कि चारों घर के कमरे में बेहोशी की हालात में पड़े हुए थे। जब पिता काम से वापस लौटा तो देखा की सभी की हालत गम्भीर है। तत्काल सभी को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भिजवाया गया।


फूड प्वॉइजनिंग के शिकार इन चारों बच्चों को सरकारी अस्पताल में उचित उपचार दिया गया अब इनकी हालत खतरे से बाहर है। चिकित्सकों का मानना है कि अलग-अलग कारणों से कई मौकों पर सब्जी और अन्य चीजों का उपयोग करने के बाद लोग फूड प्वॉइजनिंग जैसी घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। खासतौर पर ठंडी के सीजन में सब्जियों का उपयोग करने से पहले उन्हें बेहतर तरीके से छाटने के साथ बॉयल कर लिया जाए। ऐसा करने से दुष्परिणाम की आशंका नहीं रहेगी।

## दूध लेने गई थी युवती, डेयरी मालिक व कर्मचारी के साथ बीएसएफ के जवानों ने लूट ली आबरू

**श्रीगंगानगर ( एजेंसी )।** देश की रक्षा करने वाले जवानों में कोई ऐसे भी निकल आते हैं संगीन अपराध कर बैठते हैं। ऐसा ही एक मामला राजस्थान के श्रीगंगानगर में सामने आया है। यहां पर बीएसएफ के तीन जवानों ने एक डेयरी मालिक व उसके कर्मचारी के साथ मिलकर युवती का गैंगरेप कर दिया। युवती डेयरी में दूध लेने पहुंची थी और इस दौरान यह कांड हुआ। पीडित युवती ने शनिवार को थाने पहुंचकर इसकी शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि आरोपी जवान अभी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित युवती रायसिंहनगर में रह रही है। युवती ने पुलिस को बताया कि वह शुक्रवार शाम को दूध लेने डेयरी पर गई थी। डेयरी पहुंचने के बाद डेयरी संचालक वेदप्रकाश व उसके कर्मचारी संजय कुमार ने उसे एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद बीएसएफ के तीन जवानों को बुला लाए। इसके बाद पांचों ने देर रात 1 बजे तक युवती से बारी बारी दुष्कर्म किया। इस दौरान युवती को लगभग पांच घंटे तक कमरे बंद रखा गया।


घटना के बाद बीएसएफ के जवानों व डेयरी



संचालक ने इसकी जानकारी किसी को न देने की धमकी दी थी। किसी तरह डेयरी से निकलने के बाद युवती ने थाने पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने युवती का मेडिकल कराया जिसमें रेप की पुष्टि हुई है। मामले में पुलिस ने डेयरी संचालक व उसके कर्मचारी को हिरासत में लिया गया। चुंकि मामला बीएसएफके जवानों से जुड़ा था इसलिए पुलिस ने हायर अथॉरिटी से अनुमति लेकर बीएसएफके जवानों को भी थाने बुलाया है। हालांकि अभी तक किसी कि गिरफ्तारी नहीं हुई। फिलहाल पुलिस इस मामले में पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है रविवार को आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

## धोखेबाज पति की करतूतः प्रेमिका के साथ रात बिताता पकड़ा गया सिपाही, जासूसी करते पहुंच गई पत्नी

**आगरा ( एजेंसी )।** पत्नी के साथ बेवफाई कर अपनी प्रेमिका के घर रात बिताता पकड़ा गया सिपाही, और हो गई जमकर कुटाई। आगरा पुलिस लाइन में तैनात एक सिपाही के एक युवती से संबंध हो गए। वो अपनी प्रेमिका के साथ उसके घर पर रात को रुकता था। घटना की जानकारी घर वाली को हो गई थी, जिसके बाद वो अपने पति की जासूसी करने लगी। शनिवार रात को भी पति प्रेमिका के पास गया था। इसकी जानकारी पर पत्नी भी पीछा करते हुए पहुंच गई। उसने पहले थाना एत्माद्दौला पुलिस को जानकारी दी। वह टेडी बगिया क्षेत्र में रहने वाली प्रेमिका के घर पहुंच गई। दरवाजा खटखटाया तो सिपाही और उसकी प्रेमिका आए।



पत्नी को बाहर खड़ा हुआ देखकर सिपाही के होश उड़ गए। सिपाही और उसकी पत्नी के बीच जमकर मारपीट व हंगामा होने लगी। पत्नी ने पति की प्रेमिका को भी पीट दिया। पुलिस सिपाही को थाने ले आई है। पत्नी ने पति के खिलाफ तहरीर दी है। पत्नी ने पुलिस को बताया कि पति अपनी प्रेमिका के साथ चोरी छिपे रह रहा था। इसकी जानकारी उसको लग गई। पति जब भी बाहर रहता था, वह यही बताता था कि वह स्पेशल टीम में तैनात है। इस कारण उसे टास्क पर जाना पड़ता है। मगर, पति की बातों पर पत्नी को शक हो गया और उसकी जासूसी करने लगी। एक दिन उसे पता चल गया कि पति प्रेमिका से मिलने जाता है फिर उसने पति को घेरने की योजना बनाई।

शनिवार को पति के प्रेमिका के पास जाने पर थाना एत्माद्दौला पुलिस को जानकारी दी। उसके बाद सारी घटना बताई। उसका साथ देने के लिए पुलिस फोर्स भी रवाना हो गई। दरवाजा खटखटाया तो उसका पति व प्रेमिका ने दरवाजा खोल दिया। सिपाही को देखकर वह आपा खो बैठी और उसमें दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। दोनों के बीच काफी देर तक हंगामा होने लगा। वहीं मौके पर मौजूद थाना पुलिस के साथ भी सिपाही ने अभद्रता कर दी। जिसको लेकर पुलिस ने आरोपी सिपाही को हिरासत में ले लिया और थाने ले आई।

### एत्माद्दौला में तैनात रह चुका है सिपाही

करीब पांच साल पूर्व सिपाही थाना एत्माद्दौला में रहा है। इस समय उसके चर्चे दूर-दूर तक थे। प्रभारी निरीक्षक एत्माद्दौला का कहना है सिपाही नशे की हालत में था। पत्नी की सूचना पर टेढ़ी बगिया पहुंचे थे। सिपाही को पकड़कर थाने लाए हैं। पूछताछ की जा रही है। पत्नी ने तहरीर दिवस पर जांच की जाएगी।

## फर्क इसे पड़ता है कि पहल कौन करता है

श्रीकंचनपथ




अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस की संध्या पर आयोजित एक संगीत संध्या में सुनी हुई बात दिल को छू गई. खिटपिट से टूटते रिश्ते, बिखरते परिवार और टूटते याराना पर उन्होंने एक टिप्पणी की. उन्होंने कहा कि फर्क इससे नहीं पड़ता कि समस्या का समाधान कैसे होगा. फर्क इससे भी नहीं पड़ता कि समस्या का हल कौन निकालेगा. फर्क तो इससे पड़ता है कि समस्या के समाधान के लिए पहल कौन करता है. सही भी है. चारों तरफअफरातफरी का माहौल है. लोग खुद ही सोच लेते हैं कि उनकी बातों की आगे क्या प्रतिक्रिया होगी. कौन हां कहेगा. किससे ना सुनने को मिलेगी. इस तरह वे उस व्यक्ति के अधिकार का अतिक्रमण करते हैं जो सकारात्मक प्रतिक्रिया देने के लिए पूरी तरह से तैयार था. जब यही प्रक्रिया घर के भीतर या रिश्तों के बीच अपनाई जाती है तो अच्छे खासे चल रहे रिश्ते भी चटक जाते हैं. संस्थागत परेशानियों की बात करें तो पूर्वाग्रह यहां भी हमें आगे नहीं बढ़ने देता. हम अकसर उस मुकाम तक नहीं पहुंच पाते, जो हमारे लिए तय था. वजह यही है कि हम किसी को पनपता हुआ नहीं देख पाते. यहां पेड़ों से सीख लेने की जरूरत है. यदि पेड़ जड़ों को आगे बढ़ने से रोकें तो क्या होगा? जड़ें गहराई तक जाएंगी तभी पेड़ ऊंचा उठ पाएगा. यदि जड़ों को गमले में बांध दिया गया तो पेड़ भी बौने होकर ही रह जाते हैं. देश की अधिकांश संस्थाएं आज इसी रोग की गिरफ्त में हैं. छोटी-छोटी इकाइयां अपने मातहत काम कर रहे लोगों की भर्ती तो उनके गुण दोष और उपलब्धियां देखकर करती हैं पर फिर उन्हें एक ऐसे तंग घेरे में कैद कर देती हैं कि वे अपना हंड्रेड परसेन्ट तो क्या फिफ्टी परसेन्ट भी परफारमेन्स नहीं दिखा पाते. जाहिर है वे परफार्म नहीं करेंगे तो कंपनी की भी अपेक्षित लाभ नहीं मिलेगा. हम मशीनों से तो उनकी फुल कैपेसिटी में काम लेते हैं पर इंसानों को ऐसी छूट देने में हमें डर लगता है. हमारा यही डर हमें प्रतिस्पर्धी बनने से रोकता है. हमारे पास टीम तो होती है पर वह इतने नियंत्रण में होती है कि अपना स्वाभाविक प्रदर्शन नहीं कर पाती. दरअसल, यह पूरा गणित संवाद कला पर टिका हुआ है. स्कूलों में बच्चों को कविता पाठ, भाषण और वाद-विवाद के जरिए वाककला में निपुण बनाने की कोशिशें की जाती हैं. पर जैसे जैसे बच्चा ऊपर की कक्षाओं की ओर बढ़ता है, उससे हम उसके विकास की यह लाठी छीन लेते हैं. वह किताबों और कापियों में डूबकर रह जाता है. उसे संवाद कला की फिर से याद दिलाई जाती है जब वह अपनी स्नातक स्तर तक की शिक्षा पूरी कर लेता है. परसनालिटी डेवलपमेंट के नाम पर उसे फिर से एक बार स्टेज पर खड़ा कर दिया जाता है. पर तब तक बहुत देर हो चुकी होती है. संवाद कला का यही ह्रास उसके जीवन को नष्ट कर देती है.

## ड्यूटी के बाद हॉस्टल पहुंची नर्स ने किया सुसाइड, जांच में जुटी पुलिस

**भोपाल ( एजेंसी )।** हॉस्पिटल की ड्यूटी के बाद हॉस्टल पहुंची नर्स ने अपने कमरे सुसाइड कर लिया। अस्पताल पहुंचने के बाद उसने आत्महत्या के लिए जो तरीका इस्तेमाल किया उससे सभी हैरान हैं। दरअसल नर्स ने एनेस्थीसिया के इंजेक्शन का ओवर डोज ले लिया जिससे उसकी मौत हो गई। देर रात की इस घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

यह पूरा मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल का है। भोपाल के नर्मदा अस्पताल में पदस्थ नर्स ने एनेस्थीसिया के इंजेक्शन का ओवरडोज लेकर सुसाइड किया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद शव को मरच्यूरी में रखवा दिया है। पुलिस



के अनुसार सुसाइड करने वाली नर्स की पहचान विशाखा कहार (25) के रूप में हुई है। अरेरा कॉलोनी स्थित नर्मदा अस्पताल में नर्स के रूप में काम कर रही थी। शनिवार रात वह हॉस्टल पहुंची और उसके बाद उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस को रात 11 बजे इसकी सूचना मिली। मौके पर किसी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है जिसके कारण आत्महत्या का कारण सामने नहीं आया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।




## संपादकीय

### प्रभु जी, मेरी एक अरज सुन लीजो

जब से समाज में 'बुलडोजर संस्कृति' आई, तब से मैं चाहता रहा कि यह प्यारा-दुलारा 'बुलडोजरवा' एक दिन हिंदी के किसी साहित्यकार के घर पर चल जाए। लेकिन नहीं चला। इधर-उधर तो खूब चलता रहा, लेकिन साहित्य की ओर उसने ताका तक नहीं। चल जाता, तो साहित्यकार का कल्याण हो जाता। वह मीडिया में छा जाता। कहता, यह बदले की कार्रवाई है... लेकिन मेरी बुलडोजरी-कामना भी धरी की धरी रह गई। एक भी बुलडोजर साहित्य की गली में आता हुआ न दिखा। बुलडोजर युग बीता, तो 'छापा युग' आया। मैं फिर सोचने लगा कि काश! एक छापा इधर भी हो जाता, तो मैं बताता कि यहां भी भ्रष्टाचार कम नहीं। यहां तो एक से एक चोर बैठे हैं। किसी ने किसी की कुछ लाइनें चुराई हैं, तो किसी-किसी ने पैरा के पैरा मारे हुए हैं और किसी-किसी ने तो चैप्टर के चैप्टर उड़ा लिए हैं। और मैं ठहरा इनका सिरमौर। एक बार छापा मारकर तो देखिए। लेकिन छापेश्वर जी ने एक बार भी मेरी अरज नहीं सुनी। इसीलिए हिंदी साहित्य को कोई खास भाव नहीं देता। और क्यों भाव दे? इतिहास देख लीजिए आपातकाल के बाद आज तक हिंदी की न एक रचना 'बैन' करने लायक समझी गई, न एक साहित्यकार पर भ्रष्टाचार का मुकदमा चला। कारण यह कि हिंदी के साहित्यकार को एक ऐसा निरीह प्राणी माना जाता है, जो किसी का कुछ नहीं बिगाड़ सकता, जिससे किसी को कोई खतरा नहीं हो सकता! मुझे ही देख लीजिए। साठ से अधिक किताबें लिख डालीं, एक दर्जन और किताबों का माल तैयार हैं। कॉलम पर कॉलम रंगता रहता हूं। लेकिन हूं नंबर वन का 'अपर्च्यूनिस्ट!' सामने स्तुति करता हूं और पीठ पीछे निंदा। 'लेफ्ट-राइट' इस खूबी से करता हूं कि लेफ्ट तो अपना समझता ही है, राइट भी अपना समझता है। साहित्य में 'अवसरवाद' के मैंने एक से एक ऊंचे मानक स्थापित किए हैं। रूपवादियों में रूपवादी हूं, प्रगतिवादियों में प्रगतिवादी हूं। दोनों अपन को दोस्त मानते हैं। एक दिन किसी को गरिया देता हूं, तो ठीक अगले दिन उसके गुण-दर्शन करने लगता हूं। सही जगह किंतु-परंतु लगाकर नायक को खलनायक और खल को नायक बनाने में माहिर हूं। सबकी ताली लूटता हूं। बताइए, साहित्य में 'मो सम कौन है भ्रष्टाचारी।' इतने पर भी अपने छापेश्वर जी इधर झांकते तक नहीं। अब यह तो मेरा घोर अपमान है न। जब खुद कह रहा हूं कि मैं महाभ्रष्ट हूं, महा से भी महाभ्रष्ट हूं, तब भी आप इधर छापा नहीं मारते। हे छापेश्वर महराज! मैं आपको गारंटी देता हूं कि आपको मेरा भ्रष्टाचार खोजने के लिए बहुत मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। अपन के साहित्यिक मित्र मेरे बारे में आपको सब कुछ बता देंगे। रही-सही कसर मैं पूरी कर दूंगा। आप फौरन कहेंगे कि इसे अभी अंदर करो जी। निरा 'नॉन सीरियस' आदमी है। जिस-तिस की खिल्ली उड़ाता रहता है। हर हफ्ते साहित्य और साहित्यकारों को ठोकता रहता है। यह साहित्य के मानकों को गिरा रहा है। सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी है यह, इसे रोको जी। मैं तो साफ कहता हूं कि मेरे जैसे साहित्यकार को कभी कम न समझना। सच में झूठ और झूठ में सच को मिक्स करना कोई इनसे सीखे। यह सृष्टि का सबसे पहला 'झूठा' और 'फेंकू' है। जब दिल्ली आया था, तब कंगाल था, अब फ्लैट है, होंडा है। क्या यह सब यूं ही हो गया? और मैं ही क्यों, मेरे जैसे दूसरे न जाने कितने साहित्य वाले हैं, जो दिल्ली में इसी तरह बने हैं। मैं इन सबका बाप हूं। इसीलिए हे प्रभु जी! मेरी भी एक अरज सुन लीजो। एक छापा मेरे साहित्य पर भी मरवा दीजो। छापा पड़ेगा, तो हल्ला होगा। हल्ला होगा, तो मीडिया में छाएगा, तभी उसका उद्धार होगा। तभी उसका भाव बढ़ेगा।

> “ रूपवादियों में रूपवादी हूं, प्रगतिवादियों में प्रगतिवादी हूं। दोनों अपन को दोस्त मानते हैं। एक दिन किसी को गरिया देता हूं, तो ठीक अगले दिन उसके गुण-दर्शन करने लगता हूं। सही जगह किंतु-परंतु लगाकर नायक को खलनायक और खल को नायक बनाने में माहिर हूं। सबकी ताली लूटता हूं। बताइए, साहित्य में 'मो सम कौन है भ्रष्टाचारी।' इतने पर भी अपने छापेश्वर जी इधर झांकते तक नहीं। अब यह तो मेरा घोर अपमान है न।

## राहुल, प्रियंका का आत्मघाती दस्ता

राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा कांग्रेस पार्टी का भविष्य हैं। लेकिन राजनीति में सक्रिय होमे के बाद से दोनों ने जाने अनजाने में ऐसे नेताओं को आगे बढ़ाया, जो कांग्रेस के लिए फिदायीन साबित हुए, जिन्होंने अपने छोटे स्वार्थों में कांग्रेस का बड़ा नुकसान किया। सोचें, सोनिया गांधी अध्यक्ष बनीं तो उन्होंने कैसे लोगों को आगे बढ़ाया और राहुल-प्रियंका ने कैसे लोगों की मदद की! सोनिया ने जिनको आगे बढ़ाया उनमें अपवाद के लिए दो-तीन लोग ही होंगे, जिन्होंने कांग्रेस छोड़ी, भाजपा के साथ गए या कांग्रेस का नुकसान किया। इसके उलट राहुल व प्रियंका ने जिनको आगे बढ़ाया, उनमें ज्यादातर ने कांग्रेस का नुकसान किया। पंजाब में नवजोत सिंह सिद्धू का प्रयोग इसकी बड़ी मिसाल है। प्रदेश के तमाम बड़े नेताओं की कीमत पर सिद्धू को बढ़ाया गया, जिन्होंने अपनी बयानबाजी और गुटबाजी के जरिए पार्टी का भट्ठा बैठाने में बड़ी भूमिका निभाई। अजय माकन वैसा ही काम कर रहे हैं, जैसा सिदधू ने पंजाब में किया। माकन ने राजस्थान के प्रभारी पद से इस्तीफा दे दिया है। परिवार के प्रति उनकी निष्ठा को लेकर कोई सवाल नहीं है। लेकिन सोचें, उन्होंने कितना गलत समय चुना। प्रदेश में दिसंबर के पहले हफ्ते में एक उपचुनाव होना है, उसी समय राहुल गांधी की यात्रा राजस्थान पहुंचने वाली है और उसी समय गुजरात में मतदान होना है।

सोचें, माकन ने क्या सोच कर यह समय चुना? उन्होंने यही सोचा होगा कि इसका असर ज्यादा होगा या इससे कांग्रेस को ज्यादा नुकसान होगा! सितंबर के आखिरी हफ्ते की घटना को लेकर उन्होंने आठ नवंबर को कांग्रेस अध्यक्ष को चिट्ठी लिखी। ध्यान रहे दिल्ली के डिजास्टर के बाद भी कांग्रेस ने उनको बड़े पदों पर बनाए रखा और इस साल हरियाणा से राज्यसभा की टिकट भी दी, जहां वे एक वोट से हार गए। बहरहाल, ऐसे लोगों की लंबी सूची है। राहुल ने ज्योतिरादित्य सिंधिया, आरपीएन सिंह और जितिन प्रसाद तीनों को केंद्र में मंत्री बनवाया था। ज्योतिरादित्य ने तो 15 साल बाद मध्य प्रदेश में बनी कांग्रेस की सरकार को ही गिरवा दिया। जितिन और आरपीएन भी अलग अलग समय पर भाजपा के साथ चले गए।

सचिन पायलट भी चले ही गए थे, लेकिन कुछ ऐसा हुआ, जिससे उनका प्रयास सफल नहीं हो सका। राहुल ने पूर्व आईपीएस अधिकारी अजय कुमार को पार्टी में आने के साथ ही झारखंड का प्रदेश अध्यक्ष बनवाया था और एक चुनाव हारते ही वे पार्टी छोड़ कर चले गए। अब फिर वे वापस आ गए हैं तो उनको पूर्वोत्तर के तीन राज्यों का प्रभारी बनाया गया और दिल्ली में एमसीडी चुनाव का भी प्रभार मिला है। अशोक तंवर को राहुल ने छह साल तक हरियाणा का अध्यक्ष बनाए रखा और वे पार्टी के बारे में अनाप-शनाप बोलते हुए पार्टी छोड़ गए। गुजरात में अमित चावड़ा और परेश धनानी से लेकर केरल में के सुधाकरन तक सारे प्रयोग कांग्रेस के लिए आत्मघाती हुए। यह सही है कि इन नेताओं ने धोखा दिया या गलती की। पर हैरानी है कि कोई नेता अपने छोटे से राजनीतिक जीवन में कैसे इतने धोखेबाज या गलती करने वाले लोगों को बिना पहचाने आगे बढ़ा सकता है?

> “ 'अगर मुझे एक वाक्य में स्थिति की व्याख्या करनी पड़े, तो मैं यही कहूंगा कि हालात स्थिर हैं, लेकिन अप्रत्याशित भी।' भारतीय थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज कुमार पांडेय का यह बयान भारत और चीन के बीच लड़ी गई जानलेवा जंग की 60वीं बरसी से ठीक दस दिन पहले आया। मतलब साफहै, चीन से व्यापारिक और व्यावसायिक मोहब्बत के बीच सीमाई अदावत जारी है।


# चीन युद्ध के अधूरे सबक

शशि शेखर

इस शत्रुता की जड़ें हमारे जवानों के रक्त से सिंचित हैं। इन प्राचीनतम देशों के बीच पसरे विवाद को समझने के लिए 1947-62 के दिनों में लौटते हैं। भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सेना ने समय रहते चेता दिया था। मेजर जनरल डीके पाटिल के अनुसार, आजाद भारत के पहले कमांडर इन चीफ सर रॉबर्ट लॉक हार्ट पंडित से सीमाओं की स्थायी सुरक्षा के लिए रणनीतिक योजना के साथ मिले थे। बकौल पाटिल उन्हें रूखा-सा जवाब मिला- 'हमें किसी रक्षा योजना की जरूरत नहीं। हमारी नीति अहिंसा है। हमें किसी सैन्य खतरे की आशंका नहीं। सेना को खत्म कर दें। हमारी सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए पुलिस ही पर्याप्त है।

यह अकेले जवाहरलाल नेहरू की सोच नहीं थी। कृष्ण मेनन को छोड़कर प्राय सभी मंत्री इस मुद्दे पर यही राय रखते थे। मोरारजी देसाई युद्ध-काल में वित्त मंत्री हुआ करते थे। वह सैन्य-खर्च और आधुनिकीकरण को गांधी के सपनों की हत्या बताते थे। जंग के वक्त रक्षा मंत्रालय कृष्ण मेनन संभाल रहे थे, इसलिए सारा ठीकरा उनके सिर पर फोड़ा गया, मगर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और सैनिक स्कूलों की स्थापना जैसे दूरंदेश निर्णय भी उन्होंने ही किए थे। मिग-21 का पहला आयात उन्हीं के काल में हुआ था। अपनी इस सोच का खामियाजा उन्हें ही भुगतना होता था। कृपलानी, मोरारजी जैसे तमाम दिग्गज उनके आलोचक थे। जनसंघ और समाजवादी भी उनसे सुर मिलाते थे। इनमें से कई न केवल सैन्य आधुनिकीकरण, बल्कि बातचीत के जरिये समझौते की भी मुखालफत करते थे। मोरारजी 1977 में देश के प्रधानमंत्री बन गए, पर उनके विचार नहीं बदले। उन्होंने 'रॉ' जैसी महत्वपूर्ण संस्था को ही भंग कर दिया था। लिखा बहुत कुछ जा सकता है, मगर मुद्दे पर लौटते हैं।

सन् 1950 के दशक के उत्तरार्द्ध में सीमा पर हालात बिगड़ने लगे थे। चीन ने तिब्बत पर कब्जा कर लिया था और वहां के शासक दलाई लामा को ल्हासा छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। भारत ने उन्हें न केवल शरण दी, बल्कि दलाई लामा की निर्वासित सत्ता को भी स्वीकृति प्रदान की। तब से जंग की शुरुआत तक यह खाई लगातार चौड़ी होती चली गई। लाल सेना को रोकने की कोशिश में सात हजार के करीब भारतीय सैनिक और अफसर या तो शहीद हो गए अथवा कैद कर लिए गए। चीन के भी दो हजार के करीब सैनिक हताहत हुए थे।



विश्व के सैनिक इतिहास में यह लड़ाई अद्भुत मानी जाएगी। भारतीय सैनिक पूरे जज्बे, जोश और जुनून से लड़े, पर उनके पास न तो वहां के कठोर भौगोलिक हालात के हिसाब से कपड़े थे और न जूते, हथियार तो दूर की बात है। हमारे जवान द्वितीय विश्व युद्ध में ही 'ऑब्सलीट' मान ली गई '3नॉट3 राइफलों' से मुकाबला करने के लिए अभिशप्त थे।

### यह मुकाबला था या हाराकीरी!

नेहरू इस हमले से इतने आक्रांत हो गए थे कि उन्होंने अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉन एफकेनेडी से मदद की गुहार लगाई। कहते हैं कि भारतीय प्रधानमंत्री ने उन्हें अनेक पत्र लिखे। हर अगली चिट्ठी में उनकी व्यग्रता कातरता में तब्दील होती जाती थी। केनेडी ने नेहरू के अनुरोध पर अपना जंगी बेड़ा भारत की ओर रवाना किया, पर इसी बीच चीन ने 20 नवंबर को एकतरफा युद्ध-विराम की घोषणा कर दी। शायद बीजिंग के पास भी लंबे समय तक टिके रहने की कोई योजना न थी। लाल सैनिक असम के तेजपुर से तो लौट गए, पर भारत के 38 हजार वर्ग किलोमीटर इलाके पर उनका कब्जा कायम रहा, जिसे हम आज तक नहीं छुड़ा सके हैं।

इस जंग के शुरू होने से पहले से न केवल सत्ता-सदन, बल्कि सैन्य प्रतिष्ठान में भी शक-शुबहे का माहौल था। जनरल एस थिमय्या 1957 से 1961 तक देश के सेना प्रमुख थे, पर उनका तत्कालीन रक्षा मंत्री कृष्ण मेनन से छत्तीस का आंकड़ा था। एक बार तो उन्होंने इस्तीफा तक दे दिया था, पर किसी तरह नेहरू उन्हें कुछ घंटे में मनाने में कामयाब रहे। जनरल थिमय्या के मित्र और कुछ साल पहले तक सहकर्मी रहे फील्ड मार्शल अयूब खान ने उन दिनों पाकिस्तान में तख्ता-पलट कर दिया था। नेहरू को डर था कि यदि सेना को नियंत्रण में नहीं रखा, तो भारत में भी लोकतंत्र का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा।

इसमें कोई दो राय नहीं कि पंडित और उनके सहयोगी इस मामले में कामयाब रहे। यहीं सवाल सिर उठाता है, क्या लोकतंत्र और संप्रभुता को अलग किया जा सकता है? इसके लिए राजनेताओं और सेना के बीच जैसे समन्वय की जरूरत थी, वह नदारद था। हतभागिता का यह अकेला मामला नहीं था। नेहरू के करीबी जनरल बीएन कौल उस समय नेफा (नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी) के कमांडर हुआ करते थे। वह युद्ध के दौरान ही 'हाई एल्टिट्यूड सिकनेस' के शिकार हो गए। इसके तत्काल बाद वह दिल्ली लौट आए और यहीं से युद्ध का संचालन करने लगे। भारत के सैन्य इतिहास की भीषणतम त्रासदियों में से एक, यह जंग, हम यूं ही नहीं हारे थे। इतिहास की इस दर्दनाक गाथा से क्या आने वाले सत्तानायकों ने कोई सबक लिया?

बहुत दूर जाए बिना पिछले नौ सालों की दो बड़ी घटनाओं के उदाहरण देता हूं। चीन ने अपनी अतिक्रमणकारी नीति को आगे बढ़ाते हुए मई 2013 में दीपसांग के राकी नाला के पास अतिक्रमण किया था। नई दिल्ली ने कूटनीतिक उपायों के जरिये अगले महीने तक यह सुनिश्चित कराने में सफलता हासिल की कि 'पीपुल्स लिबरेशन आर्मी' के जवान वापस चले जाएं। उस वक्त दोनों ओर से एक भी गोली नहीं चली, पर उन्होंने अगला बड़ा अतिक्रमण गलवान घाटी में किया। इस बार दोनों पक्षों में खूनी भिड़ंत हुई। 15 जून, 2020 की उस दुखद शाम हमारे कमांडिंग ऑफिसर संतोष बाबू सहित 20 जवान मारे गए। चीन ने हमेशा की तरह अपने हताहतों की कोई सूचना जारी नहीं की। उसके अखबार 'ग्लोबल टाइम्स' ने चार सैनिकों के मारे जाने की जरूर पुष्टि की, लेकिन भारतीय खुफिया सूत्रों के अनुसार यह आंकड़ा काफी बड़ा था।

तब से अब तक हमारी सीमाएं गर्म बनी हुई हैं। दोनों देशों के बीच मामले को ठंडा करने के लिए 16 दौर की बात हो चुकी है, मगर ठोस नतीजे का अभी तक इंतजार है। तीस महीने का यह गतिरोध तमाम आशंकाएं पैदा करता है। आज उस खूनी जंग को गुजरे 60 बरस पूरे हो रहे हैं, लेकिन हमारे रक्षा तंत्र को मजबूत बनाने और ड्रैगन के कब्जे से अपनी जमीन छुड़ाने के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। संतोष की बात है कि देश का मौजूदा नेतृत्व इस दिशा में समूची संवेदनशीलता के साथ सक्रिय है।

आज उस खूनी जंग को गुजरे 60 बरस पूरे हो रहे हैं, लेकिन हमारे रक्षा तंत्र को मजबूत बनाने और ड्रैगन के कब्जे से अपनी जमीन छुड़ाने के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। संतोष की बात है कि देश का मौजूदा नेतृत्व इस दिशा में समूची संवेदनशीलता के साथ सक्रिय है।

# द्वीपवासियों की दुनिया बदलने का सुकून

प्रसेनजीत मंडल, समाजसेवी

महानगरों, बड़े शहरों में सुविधाजनक जिंदगी जीने वाले लोग जब-जब ऊब के शिकार बनते हैं, तो सुकून के लिए कहां जाते हैं? अक्सर यह तलाश उन इलाकों में पूरी होती है, जहां कुदरत अपनी पूरी नैसर्गिक आभा के साथ आबाद है- सागर के तटों पर, पहाड़ों की गोद में, जंगलों की घनी हरियाली में! मगर क्या कभी हम सोचते हैं कि यहां के मूल निवासियों की जिंदगी कितनी मुश्किलों के बीच गुजरती होगी? भारत-बांग्लादेश में पसरे सुंदरबन को संसार का सबसे बड़ा तटीय मैंग्रोव वन कहा जाता है। भारतीय सरहद में इसमें 102 द्वीप हैं, जिनमें से लगभग 55 द्वीपों पर लोग बसे हैं। इन्हीं में से एक द्वीप है बाली, जहां प्रसेनजीत मंडल पैदा हुए।

उनके दादा और पिता शहद इकट्ठा करने व मछली पकड़ने का पारंपरिक काम करते थे, लेकिन बहुत मुश्किल से परिवार का गुजारा हो पाता। गुरबत का आलम ऐसा था कि मिट्टी और फूस से बना घर लगभग हरेक साल चक्रवाती तूफान या बाढ़ से तबाह हो जाता और कुनबे को सुरक्षित आश्रय के लिए नए सिरे से संघर्ष करना पड़ता। यह उनके अकेले का दुख न था, यह घर-घर की कहानी थी। प्रसेनजीत का जब स्कूल में दाखिला हुआ, तो पिता को उनकी जरूरतें पूरी करने के लिए अधिक काम करना पड़ता था। वह जंगल या नदी में दूर तक जाने लगे थे, ताकि मछली या शहद, कुछ तो लेकर लौटें। जब तक वह घर नहीं लौट आते, परिवार पर एक आशंका तारी रहती, क्योंकि बस्ती के कई लोग इसी कोशिश में मगरमच्छ या बाघ का शिकार बन चुके थे।



पंद्रह गांवों और लगभग 37,000 आबादी वाले इस द्वीप पर कहने को तो सरकारी स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र भी थे, मगर इलाज के लिए यहां के लोगों को काफी दूर जाना पड़ता और अक्सर गंभीर मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते थे। बहरहाल, जिंदगी इम्तिहान लेती रही, पर प्रसेनजीत के पिता ने बेटे को हाई स्कूल कराने का संकल्प ले लिया था। हालात ने घर की मूल्यवान चीजों को भी बेचने के लिए बाध्य किया, पर उन्होंने बेटे से पढ़ाई छोड़ने को नहीं कहा। प्रसेनजीत ने भी पिता के त्याग का मान रखा। वह अच्छे नंबरों से आगे बढ़ते रहे।

सरकारी योजनाओं और पिता के अनथक योगदान से उन्होंने हाई स्कूल की परीक्षा प्रथम श्रेणी से पास तो कर ली थी, मगर आगे कॉलेज की पढ़ाई के लिए परिवार के पास आर्थिक संसाधन न थे। आखिरकार, अपने तईं उच्च शिक्षा हासिल करने और परिवार की आर्थिक मदद करने के इरादे से 2010 में वह कोलकाता चले गए। प्रसेनजीत के लिए यह बिल्कुल नई दुनिया थी। विस्मयकारी! इसके चाकचिक्य से तालमेल बिठाने में थोड़ी दिक्कत तो हुई, मगर प्रसेनजीत के पास वक्त कहां था? उन्हें तत्काल नौकरी चाहिए थी, ताकि अपना खर्च उठा सकें। संयोग से गार्ड की नौकरी मिल गई।

प्रसेनजित अपने ऊपर कम से कम पैसे खर्च करते, ताकि माता-पिता को शेष रकम भेज सकें। गार्ड की नौकरी करने के साथ-साथ उन्होंने कंप्यूटर का तकनीकी कौशल भी हासिल किया, ताकि उन्हें कुछ बेहतर तनख्वाह वाली नौकरी मिल सके। यह सपना जल्द ही पूरा हो गया। 'नेशनल इंडस्ट्रीयल कॉरपोरेशन' ने इस नौजवान के जज्बे को सलाम करते हुए अपने यहां रख लिया था। तनख्वाह बढ़ी, तो हौसला बढ़ा और प्रसेनजीत ने अपने लिए नया लक्ष्य चुना। मानीखेज जिंदगी जीने का जुनून उन्हें रवींद्र भारती विश्वविद्यालय ले गया, जहां से उन्होंने बांग्ला भाषा-साहित्य में एमए की डिग्री हासिल की। यही नहीं, प्रसेनजीत ने आईटीआई, कोलकाता से 'कंप्यूटर ऑपरेटर ऐंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट' का प्रमाणपत्र भी प्राप्त किया।

महानगर ने असुरक्षा बोध से तो मुक्ति दिला दी थी, मगर गांव रह-रहकर भीतर ठाठें मारता। प्रसेनजीत के भीतर हूक उठती कि वह तो सुकूनदेह जिंदगी जीने लगे, मगर जिन्हें वह पीछे छोड़ आए हैं, क्या वे वैसे ही जीते रहेंगे? क्या वह उनके जीवन में कुछ बदलाव नहीं ला सकते? गांव के लड़कों की इच्छा का सम्मान करते हुए उन्होंने अपनी मां के नाम से गोसाबा में निशुल्क 'बृहस्पति कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर' खोला, लेकिन पैसों और सहयोग की कमी के कारण वह लंबे समय तक इसे जारी न रख सके। बेचैनी गहराती जा रही थी। अंतत साल 2016 में प्रसेनजीत गांव लौट आए। वहां उन्होंने 'सुदर्शन फाउंडेशन' की नींव रखी। फाउंडेशन की शुरुआत में उन्होंने निशुल्क स्कूल, मुफ्त स्वास्थ्य केंद्र खोला और लोगों को खेती के लिए प्रोत्साहित किया। बाली द्वीप के कई गांवों में रामकृष्ण मिशन व बिधानचंद्र कृषि विश्वविद्यालय की मदद से उन्होंने अनेक कृषि प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए, जिनसे किसानों को लाभ हुआ। उनकी ख्याति जब जिला प्रशासन और राज्य सरकार तक पहुंची, तो उनके संगठन को फौरन सरकारी मान्यता भी मिल गई।

साल 2017 में भारत सरकार के 'खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग' की सहायता से उन्होंने मधुमक्खी पालन की पहल शुरू की, ताकि लोग शहद एकत्र करने के लिए जंगल में बहुत भीतर न जाएं और वन्य जीवों के शिकार न बन सकें। इस पहल से 500 लोगों, खासकर विधवाओं को काफी मदद मिली। करीब 50 परिवार इससे पांच से छह हजार रुपये महीना कमाने लगे हैं। सुंदरबन आने वाले सैलानियों को देखते हुए प्रसेनजीत ने 'सुंदरबन रॉयल इको रिजॉर्ट'भी शुरू किया है, जिससे कई स्थानीय नौजवानों को रोजगार मिला है।

साल 2017 से प्रसेनजीत पूरे बाली द्वीप पर नौजवानों, महिलाओं की मदद से पेड़ लगा रहे हैं। अब तक करीब एक लाख पौधे लगाए जा चुके हैं। कोरोना महामारी के दौरान भी उन्होंने परमार्थ संस्थाओं की मदद से लोगों तक खाने-पीने की चीजें पहुंचाईं। एक प्रसेनजीत मंडल की कोशिशों ने पूरे बाली द्वीप के लोगों को बेहतर कल की उम्मीद सौंप दी है!

**प्रस्तुति चंद्रकांत सिंह**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026, 7869620239

ओम क्रियेशन कार्ड्स
• फैंसी एनवेलोप्स • वेडिंग कार्ड • कैलेंडर
आकर्षक, मनमोहक, फैंसी
शादी कार्ड
रायपुर से कम दाम में
शॉप नं. 9301816830, मो.-9301182010
पचरी पारा, कुआ चौक, बस स्टैण्ड रोड, दुर्ग

ओम यूनिफॉर्म
स्कूल यूनिफॉर्म एंड जनरल ऑर्डर सप्लायर्स
रवि अग्रवाल-9302834646
इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स के पास, दुर्ग

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of
Musical Instrument
Sales & Repair



DURG:-
Near Tarun Adlabs
Station Road, Durg (C.G.)
Durg, Ph. 2330588, 9826660688

RAIPUR:-
Near Manju Mamta
Reaustaurant, M.G. Road
Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी




JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

महक सेनीटेशन




सी पी फिटिंग व सेनेटरी की
भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें



अनिल गुप्ता
मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




# छत्तीसगढ़ की सबसे ऊंची चोटी पर पहुंची जोश वेलफेयर फाउण्डेशन की टीम

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के कुसमी विकासखण्ड में स्थित छत्तीसगढ़ की सबसे ऊंची चोटी गौर-लाटा पर जोश वेलफेयर फाउण्डेशन की 26 सदस्यीय टीम ने ट्रैकिंग की, ट्रैकिंग के दौरान स्थानीय ग्रामीण उत्साहित दिखे। जोश वेलफेयर फाउण्डेशन की टीम जिले में 18 से 20 नवम्बर तक कैंप कर रही है, तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण से तातापानी, वनवाटिका, डीपाडीह का भ्रमण कर स्थानीय संस्कृति और परम्पराओं को जानने का प्रयास करेगी। विदित है कि कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. की पहल पर जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने नित नए प्रयास किये जा रहे हैं, ताकि जिले के ऐसे दार्शनिक स्थलों को एक नई पहचान मिल सके, साथ ही स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए साधन विकसित किया जा सके।

छत्तीसगढ़ की सबसे ऊंची चोटी गौर-लाटा को पर्यटन नक्शे पर स्थापित करने की शुरुवात कर दी गई है, जिले के चांदो वन परिक्षेत्र में स्थित गौरलाटा तक पहुंचने जंगल पहाड़ के पगडण्डियों से होकर गुजरना पड़ता है। बलरामपुर जिला मुख्यालय से 47 किलो मीटर दूरी पर स्थित है, ग्राम इदरीपाठ से गौरलाटा तक पहुंचा जा सकता है, तथा गौर-लाटा की खूबसूरती अब तक बाहर नहीं आ सकी है, गौर-लाटा से प्रकृति का मनोरम दृष्य देखने को मिलता है। गौर-लाटा पर ट्रैकिंग करने आये जोश वेलफेयर फाउण्डेशन के सदस्य श्री अभिषेक जायसवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ की सबसे ऊंची चोटी गौर-लाटा पर पहुंचकर उन्हें प्रकृति का अद्भुत दृष्य देखने को मिला, उन्होंने कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उनकी पहल पर ही वे गौर-लाटा तक अपनी टीम के साथ पहुंचे हैं, तथा जिले के अन्य दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करेंगे। गौरतलब है कि कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने विगत दिवस अपनी प्रशासनिक टीम के साथ छत्तीसगढ़ की सबसे ऊंची चोटी गौर-लाटा की पहाड़ी पर ट्रैकिंग कर पहुंचे थे, तथा भविष्य में पर्यटन के दृष्टिकोण से विकास की संभावनाओं को परखते हुये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे।

# पुरुष नसबंदी पखवाड़ा 21 से, घर-घर जाकर बताए जाएंगे परिवार नियोजन के फायदे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** परिवार नियोजन के लिए महिला नसबंदी के साथ ही पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में 21 नवंबर से पुरुष नसबंदी पखवाड़ा शुरू किया जाएगा जो कि 4 दिसंबर तक चलेगा। यह पखवाड़ा दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों के साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष शिविर लगाकर पुरुष नसबंदी के फायदे बताए जाएंगे। इस पखवाड़े के पहले चरण में लाभार्थियों को पुरुष नसबंदी की जानकारी दी जाएगी और उन्हें इसे अपनाने के लिए तैयार किया जाएगा। जबकि दूसरे चरण में चिन्हित लाभार्थियों को सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया: परिवार नियोजन साधनों के प्रचार-प्रसार पर स्वास्थ्य विभाग का पूरा फोकस है। पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य जनसाधारण को सीमित परिवार के प्रति जागरूक करना है। साथ ही इच्छुक लाभार्थियों को परिवार नियोजन की जानकारी देना, परिवार नियोजन के स्थाई-अस्थाई साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। पुरुष नसबंदी पखवाड़ा को दो चरण में बांटा गया है। इसमें पहला चरण मोबिलाइजेशन और दूसरा सेवा वितरण चरण के रूप में मनाया जाएगा। पहला चरण 21 से 27 नवंबर तक मनाया जाएगा। वहीं दूसरा चरण 28 नवंबर से 4 दिसंबर तक मनाया जाएगा। परिवार नियोजन के महत्व के बारे में जागरूकता कार्यक्रमों के लिये खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से दी जाएगी। परिवार नियोजन साधनों से होने वाले लाभ के बारे में मोबाइल,मीडिया, प्रचार वैन के द्वारा भी दी जाएगी। आगे जानकारी देते हुए उन्होंने बताया: स्वास्थ्य विभाग की ओर से जनसंख्या नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसका परिणाम है कि आज लोग परिवार नियोजन के आधुनिक साधनों का उपयोग कर रहे हैं। परिवार नियोजन को लेकर लोगों के व्यवहार परिवर्तन की जरूरत है। पुरुष नसबंदी सरल, सुरक्षित और आसान विधि है, इसलिए योग्य और इच्छुक लाभार्थी आगे आकर इस विधि का चुनाव करें तथा इसका लाभ उठायें।

## पुरुष नसबंदी है सरल

पुरुष नसबंदी, महिला नसबंदी से अपेक्षाकृत अधिक सरल है। इसके बावजूद भ्रम, सामाजिक मान्यताओं और पुरुष प्रधान समाज होने के कारण लोग इसे अपनाने से कतराते हैं। पुरुष नसबंदी में बिना चीरा के नसबंदी के बाद व्यक्ति को किसी प्रकार के आराम की विशेष आवश्यकता नहीं होती। इससे न ही किसी प्रकार की कमजोरी आती है और न ही यह वैवाहिक जीवन को प्रभावित करता है।

## खास खबर

### कांग्रेस ने प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व.इंदिरा गांधी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा राजीव भवन में भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती सादगी व गरिमा के मनाई गई कांग्रेसियों ने उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी तत्पश्चात विचार संगोष्ठी का आयोजन किया।जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं इविप्रा उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के अंदर गजब की राजनीतिक दूरदर्शिता थी इंदिरा का जन्म 19 नवंबर, 1917 को हुआ पिता जवाहर लाल नेहरू आजादी की लड़ाई का नेतृत्व करने वालों में शामिल थे। देश हित में सर्वोच्च त्याग एवं बलिदान के लिए सदैव याद किया जाता रहेगा। संसदीय सचिव/विधायक रेखचन्द जैन ने कहा कि इन्दिरा गांधी पंडित जवाहरलाल नेहरू की एकमात्र संतान थीं, 1938 में वह औपचारिक तौर पर इंडियन नेशनल कांग्रेस में शामिल हुईं और 1947 से 1964 तक अपने प्रधानमंत्री पिता नेहरू के साथ उन्होंने काम करना शुरू कर दिया। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को राजनीति विरासत में मिली थी। वह सबसे पहले लाल बहादुर शास्त्री के मंत्रिमंडल में सूचना एवं प्रसारण मंत्री बनीं। शास्त्री जी के निधन के बाद 1966 में वह देश की प्रधानमंत्री के पद पर आसीन हुई। इंदिरा की ऐतिहासिक कामयाबियों के चलते उस समय देश में 'इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा' का नारा जोर-शोर से गूंजने लगा। सभापति कविता साहू,जिला महामंत्री अनवर खान,कौशल नागवंशी, अपर्णा बाजपई,सुशील मौर्य,योगेश पाणिग्रही, अजय बिसाई ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रदेश/ जिला/ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, सेवादल/महिला कांग्रेस/युवक कांग्रेस/ नगर निगम/त्रि-स्तरीय पंचायत/सहकारिता क्षेत्र के सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों , वरिष्ठ कांग्रेसी व कार्यकर्तागण मौजूद थे।

### स्कूल निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर पी.एस.ध्रुव ने शिक्षक के रूप में बच्चों को पढ़ाया 'विज्ञान के चमत्कार' का पाठ

# किराना की खरीददारी के सवाल से परखा बच्चों का गणितीय ज्ञान

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। शालाओं में अध्ययन-अध्यापन, शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों की उपस्थिति का जायजा लेने 18 नवम्बर शुक्रवार को आकस्मिक दौरे पर निकले मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के कलेक्टर श्री पी.एस. ध्रुव ने मनेन्द्रगढ़ तहसील के ग्राम सिरोली की प्राथमिक शाला की कक्षा चौथी क्लास के बच्चों से किराना सामानों की खरीदी और राशि भुगतान के संबंध में सवाल पूछकर उनके गणितीय ज्ञान को परखा। सिरोली गांव के माध्यमिक शाला में आत्म रक्षा के लिए कराटे का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं से मिले और उनका हौसला बढ़ाया। हायर सेकेण्डरी स्कूल कोथारी में कक्षा 11वीं के बच्चों की क्लास लेकर उन्हें विज्ञान के चमत्कार का पाठ भी पढ़ाया।



कलेक्टर श्री ध्रुव प्राथमिक शाला सिरोली में कक्षा चौथी के बच्चों के गणितीय ज्ञान का आंकलन के लिए तेल, चावल, धनिया, मसाला और टमाटर की अलग-अलग मात्रा और मूल्य बताते हुए क्रय उपरांत राशि के लेन-देन के बारे में उत्तर देने को कहा, जिसे बच्चों ने कुछ समय में अपनी कॉपी में हल कर उन्हें दिखाया। इसके पश्चात कक्षा पांचवीं के बच्चों का भाषा ज्ञान परखने के लिए 'मेहनत का फल मीठा होता है' का निहतार्थ पूछा।

माध्यमिक शाला सिरोली के निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षक द्वारा स्कूली बच्चियों को आत्म रक्षा के लिए दी जा कराटे ट्रेनिंग का मुआयना किया। कलेक्टर ने सभी बच्चियों की हौसला अफ्जाई की और कहा कि इससे उनमें साहस और आत्मविश्वास पैदा होगा। यहां यह उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा स्कूली बालिकाओं को आत्म रक्षा के लिए जिले के चुनिंदा स्कूलों में दुर्गावती पायलट प्रोजेक्ट के माध्यम से कराटे की ट्रेनिंग दी जा रही है।

कलेक्टर ध्रुव ने इसके पश्चात उप स्वास्थ्य केन्द्र हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर सिरोली का मुआयना कर वहां मरीजों को मिल रहे उपचार एवं दवाओं की उपलब्धता की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने सेंटर में आने वाले सभी मरीजों का डाटा संधारित करने के साथ ही हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में साफ-सफाई का विशेष रूप में ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए। हायर सेकेण्डरी स्कूल कोथारी में उन्होंने बच्चों को विज्ञान के चमत्कार का पाठ पढ़ाते हुए प्राचीन काल से आज तक की स्थिति में विभिन्न क्षेत्रों विज्ञान के माध्यम से तरक्की और इसके लाभ के बारे में रोचक ढंग से जानकारी दी। कलेक्टर ने इस मौके पर शिक्षकों की उपस्थिति पंजी चेक की और प्रयोगशाला का भी मुआयना किया। हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर के साफ-सुथरा कराने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने प्राथमिक शाला कोथारी के निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता परखी और बच्चों से मीनू के आधार पर मध्यान्ह भोजन मिलने के बारे में पूछताछ की। कलेक्टर ने रसोईयां को मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई का विशेष रूप से ध्यान रखने के निर्देश दिए। ग्रामीणों द्वारा कोथारी स्कूल में शिक्षक की मांग के मद्देनजर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा को दर्ज संख्या के आधार पर स्कूल में शिक्षक की पदस्थापना के निर्देश दिए।

# गांठदार त्वचा रोग नियंत्रण हेतु गठित सदस्यी टीम ने किया बेमेतरा क्षेत्र का भ्रमण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** अतिरिक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवायें रायपुर डॉ. के.के. ध्रुव एवं संचालनालय पशु चिकित्सा सेवायें रायपुर द्वारा कल गांठदार त्वचा रोग नियंत्रण हेतु गठित तीन सदस्यी दो टीम जिनके सदस्य डॉ. समीर शर्मा, डॉ. संजीव राय, डॉ. रागिनी हजारी, डॉ. वर्षा शर्मा, डॉ. भीखम साहू, डॉ. रानू शारदा द्वारा बेमेतरा जिले के ग्राम करही, जेवरा, अमोरा, वीजाभाट, पीपरभट्टा, पिकरी, बेमेतरा वार्ड नं. 1.2.3 एवं बिलई क्षेत्र का भ्रमण किया गया एवं एल एस डी रोग सर्वेक्षण एवं सैम्पल एकत्रित कर पशु पालकों से रोग के संबंध में जानकारी ली गयी एवं टीकाकरण डिटेकिंग नीम के पत्ते का धुंआ करने, पशु गृह में साफ-सफाई एवं बीमार पशुओं को स्वस्थ पशुओं से अलग रखने की सलाह दी गयी। भ्रमण के दौरान ग्राम वीजाभाट में 03. ग्राम अमोरा में 03 ग्राम पीपरभट्टा में 07, बेमेतरा वार्ड नं. 01 में 10, वार्ड नं. 02 में 15 एवं ग्राम बिलई में 03 पशुओं में स्स्ष्ठ जैसे लक्षण मिले। रोगी पशुओं को पृथक रखने की सलाह देते हुए चिकित्सकीय टीम को तत्काल उपचार हेतु निर्देशित किया गया ।भ्रमण पश्चात् अतिरिक्त संचालक द्वारा कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें बेमेतरा में एल एस डी संबंधी समीक्षा बैठक ली गयी।

जिसमें पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों को एल एस डी रोग नियंत्रण हेतु संचालनालय एवं भारत सरकार की गाइड लाईन के अनुसार सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें बेमेतरा द्वारा जानकारी दी गयी कि आज दिनाँक को 6387 एल एस डी हेतु गोटपॉक्स टीकाकरण किया गया है। इस प्रकार बेमेतरा जिले में अब तक 65991 टीकाकरण किया जा चुका है। एल एस डी के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु विभागीय समस्त अमले को सतर्कता बरतने एवं सतत निगरानी हेतु निर्देश जारी किये गये हैं ।

# मुख्यमंत्री सुपोषण अभियानः संवरी कनिष्का की सेहत, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के पोषण स्तर में हो रहा नियमित सुधार

श्रीकंचनपथ न्यूज

बिलासपुर। विकासखंड मस्तूरी के ग्राम रिस्दा के दंपत्ति श्री महेश एवं श्रीमती कांति के लिए 16 दिसम्बर 2019 का दिन खुशियां लेकर आया। इस दिन उनके घर में बच्चे की किलकारी गूंजी। दंपत्ति बच्चे के जन्म से खुश तो थे लेकिन बच्ची के वजन को लेकर चिन्तित भी थे।



सुपोषण अभियान से लाभान्वित होने से पहले कनिष्का का वजन 9 कि.ग्रा. था। कनिष्का मध्यम कुपोषित की श्रेणी में थी। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान से लाभान्वित होने के बाद अब उसका वजन बढ़कर अब 11 किलो 700 ग्राम हो गया है। कनिष्का अब कुपोषण से मुक्त हो गयी है।

आंगनबाड़ी केंद्र में नियमित देखभाल एवं पौष्टिक आहार से कनिष्का का वजन अब बढ़ गया है। कनिष्का की सेहत में सुधार से उसके माता-पिता बहुत खुश हैं एवं इस योजना के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान कुपोषित बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है। मस्तूरी प्रोजेक्ट में अगस्त माह 2022 से अब तक 244 बच्चें कुपोषण की जद से बाहर आ चुके है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को भी गरम भोजन से लाभान्वित किया जा रहा है। स्व सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में गरम भोजन तैयार कर प्रदाय किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान से लाभान्वित गर्भवती माता श्रीमती अर्चना दिलहरण है। इनके द्वारा नियमित रूप से आंगनबाड़ी में आकर गरम भोजन का लाभ लिया जा रहा है। इस प्रकार योजना से लाभान्वित होने वाली अन्य गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के पोषण स्तर में नियमित सुधार हो रहा है।

## छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकामर्स दिसम्बर माह में करेगा जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के युवा चेम्बर के प्रभारी जय कुमार नानवानी, सहप्रभारी नीलेश मूंधड़ा, अध्यक्ष मनोज कुमार अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष शंकर बजाज, जैन जीतेन्द्र गोलछा, महामंत्री कांति पटेल, कोषाध्यक्ष रजत सिंह छाबड़ा ने बताया कि आज दिनांक 19 नवम्बर 2022 को आयोजित बैठक हुई जिसमें आगामी दिसम्बर माह में जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन नेताजी सुभाष स्टेडियम, रायपुर में किये जाने का निर्णय सर्वसम्श्रीमती से लिया गया। विगत कुछ वर्षों से कोरोना महामारी के कारण चेम्बर द्वारा भी प्रकार की खेल प्रतियोगिता का आयोजन नहीं हो पाया था।







## खास खबर

### छत्तीसगढ़ के लिए राहतभरी खबर कोरोना संक्रमण की थमी रफ्तार

**रायपुर।** प्रदेश में कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए राज्य सरकार के द्वारा किए गए प्रयासों का ही परिणाम है कि छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण की रफ्तार लगभग थम सी गई है। यह सरकार और प्रदेशवासियों के लिए राहतभरी खबर है। राज्य में कोरोना जांच की 18 नवम्बर की रिपोर्ट के अनुसार मात्र दो जिले बालोद में एक और दुर्ग जिले में 6 व्यक्ति नये कोरोना संक्रमित मिले, जबकि शेष जिलों में कोरोना संक्रमितों की संख्या निरंक है। राज्य में कोविड-19 के सक्रिय मामले भी तेजी से घट रहे है।

कोरोना की दूसरी और तीसरी लहर में राजधानी रायपुर सहित, रायगढ़, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा जिले में स्थिति भयावह हो गई थी, लेकिन राज्य सरकार ने संक्रमण को रोकने के लिए जिस तरह से कदम उठाए, उसमें सफलता मिली है। राज्य सरकार ने जरूरत पड़ने पर लॉकडाउन लगाए।साथ में कोरोना गइडलाइन का सख्ती से पालन कराया और लोगों को गाइडलाइन का पालन करने के लिए जागरूक भी किया। राज्य सरकार ने दूसरी तरफ प्रतिदिन होने वाले जांच की संख्या बढाकर पॉजिटिव लोगों को आइसोलेट कर उनका इलाज कराया। इसके साथ ही राज्य सरकार ने नए पॉजिटिव केस को रोकने के लिए टीकाकरण अभियान को भी पूरी प्राथमिकता के साथ चलाया, जिसकी वजह से नए पॉजिटव मरीजों की संख्या में लगातार कमी आई। अब ताजा हालात की बात करें तो स्वास्थ्य विभाग की तरफ से 18 नवंबर को जारी रिपोर्ट के अनुसार कोरोना के नये मरीजों की संख्या में भारी गिरावट आई है। राज्य के मात्र दो जिलों बालोद में एक और दुर्ग जिले में 6 नये पॉजीटिव मरीज मिले हैं। शेष जिलों में कोई भी नया केस कोविड-19 टेस्ट में नहीं मिला है। राज्य के राजनांदगांव, बेमेतरा, गरियाबंद, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, रायगढ़, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सरगुजा, जशपुर, कोरिया, बलरामपुर, सूरजपुर, बस्तर, कांकेर, बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर एवं कोण्डागांव में कोरोना के सक्रिय मरीज नहीं है। कोरोना मरीजों के स्वस्थ्य होने और नये मामलों के कम होने से कोविड-19 के सक्रिय मामले तेजी से घट रहे हैं।

### जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यगण कल करेंगे पदभार ग्रहण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड के नियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य का पदभार ग्रहण करेंगे। पदभार ग्रहण का यह कार्यक्रम कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे के मुख्य अतिथि में 21 नवम्बर को दोपहर 12 बजे छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं विकास निगम कार्यालय तेलीबांधा रायपुर में आयोजित होगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग महामण्लेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल विशेष अतिथि होंगे।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विद्याभूषण शुक्ला जिला बलौदा बाजार को बोर्ड का अध्यक्ष एवं आलोक चंद्राकर जिला महासमुंद उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बोर्ड के सदस्य के रूप में मदनमोहन खण्डेलवाल जिला-धमतरी, नारायण खंडेलिया जिला जांजगीर चांपा, दानेश्वर साहू जिला बेमेतरा, करण देव जिला सुकमा, संजय जैन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं मदन देवांगन जिला रायपुर का मनोनयन किया गया है।

### अडानी ग्रुप के कॉर्पोरेट ब्रांड कस्टोडियन बने अमन सिंह

**रायपुर (ए)।** पूर्व आईआरएस अधिकारी अमन सिंह को अडानी समूह में कॉर्पोरेट ब्रांड संरक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में कई नीतियों और विकास को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारतीय राजस्व सेवा के वर्ष-95 बैच के अमन सिंह छत्तीसगढ़ में डॉ. रमन सिंह की सरकार में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव थे। वह वित्त और योजना के विशेषज्ञ हैं। वह अधिकारी हैं।बता दें कि तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के साथ काम करने के लिए उन्होंने सरकारी नौकरी छोड़ दी थी। उसके बाद राज्य सरकार ने उन्हें संविदा नियुक्ति दी थी। छत्तीसगढ़ में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने राज्य के विकास और नीति पर गहरा प्रभाव डाला। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार के चले जाने के बाद अमन सिंह दिल्ली चले गए और उन्होंने कॉर्पोरेट क्षेत्र में काम किया।

# प्रगति मैदान में राज्य दिवस पर दिखेगी छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की झलक

**छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी सांस्कृतिक संध्या में करेंगे शिरकत**

### छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक नृत्यों का होगा भव्य आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रगति मैदान में 21 नवंबर को दिल्लीवासियों को छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक कला और संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में एम्फी थियेटर में छत्तीसगढ़ राज्य दिवस का यह आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्घाटन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे।




इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ पवेलियन का भ्रमण कर स्टालों का अवलोकन करेंगे। छत्तीसगढ़ के पवेलियन में 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' की झलक देखने को मिल रही है। पवेलियन में सशक्त ग्रामीण अर्थव्यवस्था व आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते छत्तीसगढ़ को दिखाने का प्रयास किया गया है। सांस्कृतिक संध्या में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक नृत्यों की झलक दिखेगी। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ से आए लोक कलाकार गौर नृत्य, परब नृत्य, भोजली नृत्य, गेड़ी नृत्य, सुआ नृत्य, पंथी नृत्य और करमा नृत्य की प्रस्तुति देंगे।

#### सुआ नृत्य

यह छत्तीसगढ़ का एक और लोकप्रिय लोक नृत्य है जो आमतौर पर गौरा के विवाह के अवसर पर किया जाता है।

यह मूलत: महिलाओं और किशोरियों का नृत्य है। इस नृत्य में महिलाएं एक टोकरी में सुआ (मिट्टी का बना तोता) को रखकर उसके चारों ओर नृत्य करती हैं और सुआ गीत गाती हैं। गोल गोल घूम कर इस नृत्य को किया जाता है। तथा हाथ से या लकड़ी के टुकड़े से ताली बजाई जाती है। इस नृत्य के समापन पर शिव गौरी विवाह का आयोजन किया जाता हैं। इसे गौरी नृत्य भी कहा जाता है।

#### परब नृत्य

यह नृत्य बस्तर में निवास करने वाले धुरवा जनजाति के द्वारा किया जाता है। यह नृत्य महिला व पुरुष साथ मिलकर बांसुरी, ऑलखाजा तथा ढोल बजाते हुए करते हैं , जिसमें पिरामिड जैसा दृश्य दिखाई पड़ता है। इस नृत्य को सैनिक नृत्य कहा जाता है, क्योंकि नर्तक नृत्य के दौरान वीरता के प्रतीक चिन्ह कुल्हाड़ी व तलवार लिए होते हैं। इस नृत्य का आयोजन मड़ई के अवसर पर किया जाता है।

#### पंथी नृत्य

यह नृत्य न केवल इस क्षेत्र के लोक नृत्य के सबसे महत्वपूर्ण रूपों में से एक है, बल्कि इसे छत्तीसगढ़ के सतनामी समुदाय का एक प्रमुख रिवाज या समारोह भी माना जाता है। यह नृत्य अक्सर समुदाय द्वारा माघ पूर्णिमा में होने वाले गुरु घासीदास की जयंती के उत्सव के दौरान किया जाता है। लोग इस नृत्य के माध्यम से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं और अपना प्रतिनिधित्व करते हैं। किसी भी नृत्य शैली की तरह, यह भी कई चरणों और पैटर्न का एक संयोजन है। हालांकि, जो चीज इसे अद्वितीय बनाती है, वह यह है कि यह अपने पवित्र गुरु की शिक्षाओं को दर्शाते हैं।

#### गेंड़ी नृत्य

यह नृत्य संपूर्ण छत्तीसगढ़ में प्रचलित है ,परंतु बस्तर में इसे मुड़िया जनजाति द्वारा सावन माह में हरेली के अवसर पर किया जाता है। यह पुरुष प्रधान नृत्य है, जिसमें पुरुष तीव्र गति से व कुशलता के साथ गेड़ी पर शारीरिक संतुलन को बरकरार रखते हुए नृत्य करते हैं। यह नृत्य शारीरिक कौशल और संतुलन को प्रदर्शित करता है।

#### करमा नृत्य

एक छत्तीसगढ़ का पारम्परिक नृत्य है। इसे करमा देव को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है। इस नृत्य में पारंपरिक पोषक पहनकर लोग नृत्य करते है और छत्तीसगढ़ी गीत गाते है।

छत्तीसगढ़ का यह लोक नृत्य आमतौर पर राज्य के आदिवासी समूहों जैसे गोंड, उरांव, बैगा आदि द्वारा किया जाता है। यह नृत्य वर्षा ऋतु के अंत और वसंत ऋतु की शुरुआत को चिह्नित करने के लिए किया जाता है। इस नृत्य प्रदर्शन में गांवों के पुरुष और महिलाएं दोनों भाग लेते हैं। कर्मा नृत्य के लिए कलाकारों की टीम में एक प्रमुख गायक भी होता है।

#### गौर नृत्य

इस नृत्य को बस्तर में निवासरत मारिया जनजाति के द्वारा जात्रा पर्व के अवसर पर किया जाता है। इस नृत्य में युवक सिर पर गौर के सिंह को कौड़ियों से सजाकर उसका मुकुट बनाकर पहनते हैं । अत: इस नृत्य को गौर नित्य भी कहा जाता है। इस नृत्य में केवल पुरुष भाग लेते हैं। महिलाओं द्वारा केवल वाद्य यंत्र को बजाया जाता है जिसे तिर्तुडडी कहते हैं।

### 21 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन

**रायपुर।** प्रदेश में पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देने 21 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस बार यह पखवाड़ा अब पुरुष निभाएंगे जिम्मेदारी, परिवार नियोजन अपनाकर दिखाएंगे अपनी भागीदारी'' की थीम पर मनाया जाएगा। दो चरणों में आयोजित पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के पहले चरण में पुरुष नसबंदी की जानकारी दी जाएगी और पुरुषों को इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में नसबंदी की नि:शुल्क सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों को परिपत्र जारी कर पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। सभी जिलों को इनका पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को आईईसी वितरण और अन्य गतिविधियों की रिपोर्टिंग विभाग द्वारा निर्धारित प्रारूप में भेजने के लिए निर्देशित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग में परिवार कल्याण के उप संचालक डॉ. तरुण कुमार टोंडर ने बताया कि छत्तीसगढ़ पिछले पांच वर्षों से पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के दौरान नसबंदी करने में देश में प्रथम स्थान पर है। पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के दौरान बीते पांच वर्षों में यहां 4905 पुरुषों ने परिवार नियोजन के लिए नसबंदी कराई है।

**साहित्य परब 2022 में आरएसएस सदस्य राममाधव बोले-**

# जो हित की बात करे वह साहित्य है

**रायपुर (ए)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य राम माधव ने कहा कि जो हित की बात करे वह साहित्य है। सभी साहित्य लोक कल्याण की बात करते हैं। पहले वह राजधानी के जेल रोड स्थित होटल में 20 व 21 नवंबर को साहित्य परब 2022 का आयोजन में मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में बोल रहे थे। मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में शामिल हुए संघ के नेता राम माधव ने राम वनगमन पथ की तारीफ की। उन्होंने कहा कि पथ के तीर्थं का जीर्णोद्धार अच्छी बात है, लेकिन इसे राजनीतिक रूप नहीं देने की बात कही है। आगे संघ के सदस्य राम माधव ने कहा कि राम भारत की आत्मा हैं, हमारी वर्षों पुरानी संस्कृति को बढ़ावा देने अच्छी बात है। राम माधव ने कहा, महात्मा गांधी ने कहा था कि हमें राजनीतिक स्वतंत्रता मिली है, अभी सामाजिक और आर्थिक स्वतंत्रता चाहिए। हम आज भी कुरीति से लड़ रहे हैं। इस मौके पर कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विवि के कुलपति बल्देव भाई शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि आरएसएस के प्रांत प्रमुख, चिंतक व समाजसेवी डा. पूर्णेंदु सक्सेना रहे। रायपुर लिटफेस्ट सोसायटी द्वारा दो दिन के साहित्य परब का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम सत्र में समकालीन साहित्य में समाज व संस्कृति और दूसरे सत्र में छत्तीसगढ़ में साहित्यिक प्रयोग धर्मिता पर मंथन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य राममाधव आज रायपुर पहुंचे हैं। वह राजधानी के जेल रोड स्थित होटल में 20 व 21 नवंबर को साहित्य परब 2022 का आयोजन में मुख्य अतिथि व वक्ता के तौर पर शामिल हुए।

# एचआईव्ही पीड़ित मरीजों को मिल रही नि:शुल्क दवा और अन्त्योदय अन्नयोजना का लाभ

### एड्स पीड़ित लोगों का राज्य स्तरीय जीपा कन्वेंशन कार्यक्रम संपन्न

**रायपुर।** संचालक स्वास्थ्य सेवायें भीम सिंह की अध्यक्षता में जीपा कन्वेंशन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। एचआईव्ही के साथ जी रहे लोग (पी.एल.एच.ए.) समाज में समानता के अधिकार के साथ जीवन व्यतित कर सकें, उनके साथ होने वाले सामाजिक भेदभाव को खत्म किया जा सके इस उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजन किया गया, ताकि ऐसे पीड़ित लोग एक नागरिक के रूप में मौलिक अधिकार जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य सूरक्षा, आवागमन जैसे मूलभूत आवश्यकताओं का उपयोग करने में सक्षम हो सकें। उक्त कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त परियोजना संचालक, डॉ. खेमराज सोनवानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग, परिवहन विभाग, खाद्य विभाग के प्रतिनिधि एवं छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के अधिकारी उपस्थित थे।



संचालक सिंह कार्यक्रम में उपस्थित समस्त पी.एल.एच.ए. लोगों से रूबरू होकर और शासन द्वारा दी जा रही योजनाओं की वर्तमान स्थिति से अवगत हुए। पी.एल.एच.ए. लोगों के द्वारा संचालक को अवगत कराया गया कि उन्हें निरन्तर नि:शुल्क दवा प्राप्त करायी जा रही है तथा अन्त्योदय अन्न योजना के अंतगर्त राशन भी मिल रहा है। आगामी समय में भी एड्स कार्यक्रम की नियमित निगरानी एवं पी.एल.एच.ए. को समानता का अधिकार सुगम व सहज रूप से प्रदाय करने हेतु जिला स्तर पर समीक्षा एवं समन्वय बैठक करने का निर्देश दिए। ऐसे लोग जिनके द्वारा निर्धारित समय और खुराक के साथ नियमित उपचार ले रहे हैं ऐसे सभी पी.एल.एच.ए. के लिए प्रेरणा वाहक के रूप में सामान्य एवं स्वस्थ्य जीवन जी रहे हैं लोगों का सम्मान किया गया। संचालक सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ अन्य शासकीय विभाग एवं स्वयं सेवी सस्थाओं के कर्मचारियों को संवेदनशील विषय पर कार्य करने के लिए धन्यवाद दिया।

# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल के दो छात्र सेमीफाइनल में

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारतीय नौसेना प्रश्नोत्तरी थिंक प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल के दो छात्रों को सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इन दोनों छात्रों की टीम को देश के शीर्ष 16 टीमों के रूप में चुना गया है।स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलप्रतियोगिता में देशभर के 7500 स्कूलों ने भाग लिया था। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल पंप हाऊस कोरबा के दो छात्र खुशी चौहान और आदित्य साहू ने दो एलीमिनेशन राउंड और क्वार्टर फाइनल राउंड में अविश्वसनीय प्रदर्शन किया। खुशी चौहान कक्षा 12 वीं में जीव विज्ञान और आदित्य साहू कक्षा-11 वीं में




गणित विषय के छात्र हैं। इनका चयन कारवार में 23 नवंबर को विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य पर निर्धारित सेमीफाइनल के लिए शीर्ष 16 टीमों में हुआ है।

यह आयोजन छात्रों के जीवन सबसे यादगार और अनूठी घटनाओं में से एक होगा। इन विद्यार्थियों को नौसेना के जीवन के तरीकों का अनुभव करने और नौसेना नेतृत्व के साथ बातचीत करने का अनूठा अवसर भी मिलेगा। भारतीय नौसेना एक गाइड शिक्षक के साथ-साथ दोनों छात्रों के लिए यात्रा, आवास और बोर्डिंग का खर्च उठाएगी। यह दोनों विद्यार्थी 20 नवंबर को रायपुर से फ्लाईट से गोवा जाएंगे। सेमीफाइनल और फाइनल राउंड के लिए गोवा से आईएनएस विक्रमादित्य एयरक्राफ्ट के कैरियर पर यात्रा आयोजित की जाएगी। दोनों विद्यार्थी कन्नूर एयरपोर्ट से 27 नवंबर को रायपुर के लिए रवाना होंगे। इनकी सफलता के पीछे शिक्षिका जूही कुरैशी और सुश्री दीप्ति पाण्डेय का महत्वपूर्ण योगदान है।

कोरबा कलेक्टर संजीव झा ने दोनों छात्रों की सफलता पर उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि शासन की प्राथमिकता अनुसार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के स्कूली छात्रों का चयन होना गौरव की बात है। चयनित दोनों विद्यार्थियों ने बताया कि इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए उन्होंने पहले से ही तैयारी की थी। प्रतियोगिता के पहले तीन चरण में आनलॉइन परीक्षा ली गई, जिसमें 10 मिनट में 30 सवालों के जवाब दिए।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# बड़े होंठों के लिए अपनाएं ये 5 घरेलू नुस्खें
## नहीं पड़ेगी इंजेक्शन की जरूरत

**आजकल बड़े और उभरे हुए होंठों का ट्रेंड चल रहा है। यही वजह है कि कई महिलाएं अपने होंठों को बड़ा करने के चक्कर में ना जाने कितने महंगे-महंगे लिप प्लंपर के इंजेक्शन लगवाती हैं। हालांकि, आप चाहें तो ऐसे इंजेक्शन की बजाय घरेलू नुस्खों को अपनाकर अपने होंठों को बड़ा कर सकती हैं। आइए आज हम आपको पांच ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताते हैं, जो काफी असरदार साबित हो सकते हैं।**



### दालचीनी का स्क्रब

दालचीनी का स्क्रब न सिर्फ होंठों को मोटा करने में सहायक है बल्कि उन्हें एक्सफोलिएट भी करेगा। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में दालचीनी का पाउडर और सफेद चीनी को मिलाएं। अब इसमें मीठे बादाम का तेल मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण को अपने होंठों पर लगाकर 5-10 मिनट तक मसाज करें। फिर गुनगुने पानी से होंठों को साफ कर लें।

### पेपरमिंट ऑयल से बनाएं लिप प्लंपर

आप चाहें तो अपने क्लियर लिप ग्लॉस को भी लिप प्लंपर बना सकते हैं। इसके लिए बस अपने लिप ग्लॉस में थोड़ा पेपरमिंट ऑयल और कैयेन पेपर पाउडर मिलाएं। अगर आपके पास कैयेन पेपर पाउडर नहीं है तो इसकी जगह अपने लिप ग्लॉस में पेपरमिंट ऑयल के साथ एक चुटकी लाल मिर्च पाउडर मिलाएं। यह लिप प्लंपर आपके होठों को पोषण देने समेत मॉइस्चराइज भी करेगा।

### दालचीनी के तेल और शिया बटर का मिश्रण लगाएं

इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में दो-तीन बूंद दालचीनी का तेल और शिया बटर डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को कंटेनर में डालें और इसे हमेशा लिपबाम के रूप में अपने होंठों पर लगाएं। यह लिपबाम आपके होंठों को मॉइस्चराइज करने के साथ-साथ उन्हें उभरा हुआ दिखाने में मदद कर सकता है। दिनभर में सिर्फ एक बार ही इस लिपबाम का इस्तेमाल करें।

### बीजवैक्स और जैतून का तेल आएगा काम

बीजवैक्स फटे होंठों को ठीक करने और नमी युक्त बनाने के साथ-साथ उन्हें मोटा बनाने में मदद कर सकता है, जबकि जैतून का तेल होठों को एक्सफोलिएट करने समेत पोषण देने में सहायक है। इसके लिए एक कटोरे में बीजवैक्स और जैतून का तेल डालकर इस मिश्रण को पिघलाएं। फिर इसमें दालचीनी का तेल और वनिला एसेंस मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक लिपबाम कंटेनर में डालें और जरूरत पर इसे लगाएं।

### दालचीनी और नमक का मिश्रण भी है प्रभावी

नमक होंठों को स्क्रब करेगा और दालचीनी उन्हें मोटा और उभरा हुआ दिखाने में मदद करेगा। इसमें जैतून का तेल मिलाने से आपके होठों में नमी भी बनी रहेगी। इसके लिए एक कंटेनर में एक चम्मच दालचीनी पाउडर, थोड़ा नमक और एक चम्मच जैतून का तेल मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने होठों पर लगाएं और धीरे से मालिश करें। पांच मिनट के बाद अपने होंठों को साफ करें।

मधुर भंडारकर की अगली फिल्म

# इंडिया लॉकडाउन में दिखेंगी आयशा एस एमन



फिल्म निर्देशक मधुर भंडारकर की अगली फिल्म इंडिया लॉकडाउन की रिलीज डेट का ऐलान हो चुका है.

मधुर भंडारकर की यह फिल्म लंबे वक्त से सुर्खियों में बनी हुई है. लॉकडाउन के परेशानियों से जूझती 4 जिंदगियों की कहानी है फिल्म इंडिया लॉकडाउन.

यह फिल्म 2 दिसंबर 2022 को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज होगी. मधुर भंडारकर ने इस फिल्म को लॉकडाउन के दौरान शूट किया था. इस फिल्म में 4 मुख्य किरदारों की अलग-अलग कहानी के जरिए भारत में कोरोना महामारी के दौरान लगे पहले लॉकडाउन की कहानी को बयां किया है. इसी में से एक ट्रैक में ऐक्ट्रेस श आयशा एस एमन सेक्स वर्कर का रोल प्ले कर रही हैं. उनके जरिए महामारी के दौरान सेक्स वर्करों की दुर्दशा पर फोकस किया गया है.

मधुर भंडारकर के साथ अमित जोशी और आराधना साह द्वारा लिखित, इंडिया लॉकडाउन उन अलग-अलग व्यक्तियों के जीवन की पड़ताल करती है, जो कोरोना महामारी के कारण लगे लॉकडाउन में एक अनपेक्षित नाटकीय स्थिति में फंस गए हैं. आपको बता दें, ये फिल्म डॉ. जयंतीलाल गड़ा (पेन स्टूडियो) द्वारा प्रस्तुत और भंडारकर एंटरटेनमेंट, प्रणव जैन, धवल जयंतीलाल गड़ा और अक्षय जयंतीलाल गड़ा द्वारा निर्मित है.

# कानों को साफ करने के लिए
## इस्तेमाल करें ये 5 सुरक्षित घरेलू नुस्खे

कान में अक्सर मोम जैसे पदार्थ का उत्पादन होता है जिसे ईयर वैक्स भी कहा जाता है। यह हमारे कानों के अंदर धूल और गंदगी को जाने से रोकता है, जिससे कान सुरक्षित रहते हैं। लेकिन ईयर वैक्स को बार-बार साफ करने की जरूरत होती है। ऐसा नहीं करने पर वैक्स एक जगह जम जाता है और इससे सुनने की क्षमता कम हो जाती है। आज हम आपको सुरक्षित तरीके से कान साफ करने के पांच घरेलू नुस्खे बताते हैं।

### नमक का पानी

नमक का पानी आपके कान के अंदर जमा होने वाले वैक्स को नरम करने में मदद करता है, जिससे आप अपने कान को आसानी से साफ कर सकते हैं। इसके लिए गरम पानी और नमक को एक साथ मिलाएं और इसमें एक रुई भिगोकर कान के अंदर इसकी कुछ बूंदें डाल दें। करीब तीन-पांच मिनट तक रुकें और फिर अपने सिर को नीचे की तरफ झुका दें। अब नरम वैक्स को धीरे से ईयरबड्स से साफ करें।

### जैतून का तेल

कानों की सफाई के लिए जैतून का तेल एक बढ़िया घरेलू नुस्खा है। यह आपके कान को संक्रमणों से बचाता है। एंटी-सेप्टिक गुणों से भरपूर जैतून का तेल कान में इकट्ठा मैल को आसानी से निकालने में आपकी मदद करता है। इसके लिए कान में जैतून के गरम तेल की तीन-चार बूंदें डालें और इसे 10 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद अपने सिर को झुका लें और तेल और वैक्स को हटाने के लिए ईयरबड का इस्तेमाल करें।

### बेकिंग सोडा

बेकिंग सोडा बहुत ज्यादा सूखे या जमे हुए ईयर वैक्स को नरम करने में अत्यधिक असरदार है। कानों के लिए बेकिंग सोडा का



इस्तेमाल सुरक्षित है और यह आपके कान के संक्रमण को भी रोकता है। इसके लिए पानी की कुछ बूंदों में बेकिंग सोडा घोलें और ड्रॉपर की मदद से इसे अपने कान में डाल दें। थोड़ी देर बाद अपने कानों को एक मुलायम सूती कपड़े या ईयरबड से साफ करें। इससे आपका कान बिल्कुल साफ हो जाएगा।

### सिरका और रबिंग अल्कोहल

कान के वैक्स या मैल को हटाने के लिए रबिंग अल्कोहल एक पुराना नुस्खा है। रबिंग अल्कोहल और सिरके का घोल बैक्टीरिया से लड़ता है और कान के संक्रमण को रोकता है। सबसे पहले सिरका और रबिंग अल्कोहल को एक साथ मिलाएं और एक कॉटन बॉल को घोल में भिगो दें। इसके बाद घोल की दो-तीन बूंदों को अपने कान में डाल दें और पांच मिनट के बाद मैल को हटाने के लिए अपने सिर को नीचे की तरफ झुकाएं।

### सेब का सिरका

सेब के सिरके में मौजूद एंटी-फंगल और जीवाणुरोधी गुण कान के अंदर हानिकारक छोटे जीवों को मारने में मदद करते हैं और गंभीर संक्रमणों को रोकते हैं। इसके लिए सबसे पहले सेब के सिरके को गुनगुने पानी में मिलाएं और फिर ईयर ड्रॉपर की मदद से कान में इसकी 5-10 बूंदें डालें। करीब पांच मिनट तक बूंदों को कान के अंदर छोड़ने के बाद कानों को ईयरबड से साफ कर लें।

# न्यूज पेपर पहनकर निकिता रावल ने कराया ग्लैमरस फोटोशूट



एक्ट्रेस निकिता रावल सोशल मीडिया पर अपना जलवा बिखेरने में कोई कमी नहीं छोड़ती हैं। भले ही एक्ट्रेस निकिता रावल फिल्मों में कम नजर आई हो। लेकिन, उनकी हाफ न्यूड तस्वीरें फैंस के दिलों की धड़कनें जरूर बढ़ा देती हैं। वहीं, एक्ट्रेस निकिता रावल न्यूज पेपर लपेटे नजर आ रही हैं। निकिता रावल अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस का जलवा बिखेरने में कोई कमी नहीं छोड़ती हैं। एक्ट्रेस निकिता रावल न्यूज पेपर की आउटफिट पहने नजर आ रही हैं। वहीं, एक्ट्रेस की तस्वीरें फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा रही हैं। निकिता रावल की तस्वीरें देखकर फैंस बेताब हो रहे हैं। वहीं, एक्ट्रेस इस आउटफिट में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। एक्ट्रेस ने न्यूड होकर पत्तों के पीछे अपने बदन को ढककर फोटो शूट करवाया था। जिसमें एक्ट्रेस बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही थीं। खूबसूरत दीवा निकिता रावल हिट कॉमेडी फिल्म गरम मसाला में भी नजर आ चुकी हैं। तस्वीरों को देखकर लोग कमेंट्स कर रहे हैं। साथ ही एक्ट्रेस का ये बोल्ड अंदाज देखकर हर कोई मदहोश है। एक्ट्रेस अपनी कातिलाना अदाओं से भरपूर तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। निकिता रावल साउथ के साथ बॉलीवुड में भी काम कर चुकी हैं। वो अनिल कपूर और शेफाली शाह के साथ फिल्म ब्लैक इन व्हाइट में नजर आई थीं। इसके साथ ही एक्ट्रेस निकिता रावल मिस्टर हॉट और मिस्टर कूल और द हीरो अभिमन्यु में भी काम भी काम कर चुकी हैं। निकिता रावल इंस्टाग्राम पर भी काफी पॉपुलर हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 971 के फॉलोवर्स हैं।

## जल्द ही शुरू होने जा रही है टाइगर और अक्षय की फिल्म की शूटिंग

बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की मूवी बड़े मियां छोटे मियां काफी समय से सुर्खियों में बनी हुई है। इस मूवी लेकर कई अपडेट सामने आए है। कभी इस मूवी को पोस्टपोन करने की खबर सुनने के लिए मिली है। तो कभी मूवी के बजट को लेकर खबरें वायरल हुई। अभी हाल ही में मूवी की लीड फीमेल एक्ट्रेस को लेकर भी एक अपडेट आया था। इसमें कहा गया था कि अक्षय कुमार की इस मूवी में बोनी कपूर की बेटी जाह्नवी कपूर दिखाई देने वाली है। अब इन सब के उपरांत मूवी की शूटिंग को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया, जिसे जानने के बाद फैंस खुश हो जाएंगे।

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की लीड रोल वाली मूवी बड़े मियां छोटे मियां एक बार फिर से चर्चा में आ चुकी है। अक्षय कुमार की इस मूवी से जुड़ा एक बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट के अनुसार अक्षय और टाइगर की मूवी बड़े मियां छोटे मियां की शूटिंग आने वाले वर्ष यानी 2023 की जनवरी या फरवरी में शुरू होने वाली है। रिपोर्ट के अनुसार अभी तक कोई डेट तय नहीं हुई है, लेकिन इसको लेकर जल्द बड़ा खुलासा हो सकता है। इस रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि फिल्म की शूटिंग के लिए सभी लोकेशन को चुन लिया गया है और फिल्म के डायरेक्टर अली अब्बास जफर ने स्क्रिप्ट और मूवी से जुड़े बाकी काम कर लिए है।

Hero
Authorised Dealer
KGN HERO
9907999822, 7974074371
Junwani Road, Near By Falaknuma Masjid, Kohka, Bhilai, E-Mail:kgnhero06@gmail.com

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### सेल की स्वर्ण जयंती कहानी लेखन प्रतियोगिता में डॉ. कमलेश गोगिया को दूसरा स्थान

**रायपुर।** मैट्स यूनिवर्सिटी रायपुर के कला एवं मानविकी अध्ययनशाला के हिन्दी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एवं पत्रकार डॉ. कमलेश गोगिया ने स्टील अथॉरिटी ऑफइंडिया लिमिटेड (सेल) की ''स्वर्ण जयंती कहानी लेखन प्रतियोगिता- 2022'' में पूरे छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी संवर्ग में दूसरा स्थान अर्जित किया है। इस प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा स्टील अथॉरिटी ऑफइंडिया लिमिटेड (सेल) के ट्वीटर एकाउंट, वेबसाइट व फेसबुक में की गई। भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय पीआईबी हिन्दी के अनुसार इस प्रतियोगिता का शुभारंभ 27 मई, 2022 को सेल के वर्तमान ''स्वर्ण जयंती वर्ष'' (24 जनवरी, 1973) के दौरान किया गया था। हिंदी और अंग्रेजी, दोनों, भाषाओं में आयोजित यह प्रतियोगिता ''पिछले पांच दशकों में राष्ट्र निर्माण में सेल के योगदान'' पर केन्द्रित थी। इस प्रतियोगिता में हिन्दी संवर्ग में हिन्दी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एवं पत्रकार डॉ. कमलेश गोगिया ने पूरे छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी संवर्ग में द्वितीय पुरस्कार जीता।

### संत ज्ञानेश्वर महोत्सव 21 से होगी

**रायपुर।** हरि ओम संत ज्ञानेश्वर माऊली समाधि सो ह ला प्रतिवर्ष संत ज्ञानेश्वर माऊली पुण्यतिथि महोत्सव ह भ पा गुरुवर सहजानंद महाराज पुण्यतिथि संत सेवा समिति भिलाई एवं नागपुर सहयोग कार्यक्रम तीन दिवस आयोजन कार्यस्थल विजय श्रावण माहूर कर निवास सेक्टर वन सड़क नंबर दो ब्लॉक 4  मैं आयोजन किया जा रहा है 2111 2022 सुबह 9:00 बजे पूजन कार्य पंचपदी भजन रात्रि 5:00 बजे से 7:00 बजे तक हरीपाठ 7:30 से 9:00 बजे तक भजन कीर्तन दिनांक 22 11 2022 सुबह 9:00 से 10:00 तक पंचपदी भजन सुबह 10:00 से 1:00 तक समाधि सोहला कीर्तन तुकाराम गावडे मुंबई दोपहर प्रसाद वितरण रात्रि 6:00 से 8:00 बजे तक पालकी शोभायात्रा दिनांक 2311 2022 सुबह 10:00 बजे से 1:00 बजे तक गोपाल काला भजन कीर्तन गुरुवर सहजानंद महाराज नागपुर पुण्यतिथी निमित्त कीर्तन तुकाराम गावडे मुंबई महाप्रसाद वितरण दोपहर में किया जाएगा।

# एसएमएस-3 के ब्लूम कास्टर सीवी-1 में नई ट्रांसफर कार प्रणाली की स्थापना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में एल-एम बे तथा एन-पी बे के मध्य नई ट्रांसफर कार की स्थापना की गई। नई कमीशन ट्रांसफर कार से एसएमएस-3 के ब्लूम कास्टर सीवी-1 से उत्पादित ब्लूम्स का परिवहन 11 नवंबर, 2022 को सीवी-1 में शुरू हुआ।**



इस ट्रांसफर कार से आवश्यक ब्लूम्स का रेल मिल व यूआरएम को तीव्रता से अंतरण संभव हो सकेगा। इस प्रकार रेल्स उत्पादन करने वाले यूआरएम और आरएसएम की आवश्यक मांगों को पूरा करने का मार्ग प्रशस्त करती है।

कार का उद्घाटन 11 नवंबर, 2022 को भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेषक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता और कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) अंजनी कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीजीएम (गुणवत्ता एवं एसएमएस-3), एस के कर, सीजीएम (मैकेनिकल) एस के गजभिये, सीजीएम इंचार्ज (एम एंड यू) असीत साहा के साथ-साथ यूआरएम, आरसीएल, ईडीडी, सीईटी के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे। इस अवसर पर संयंत्र के निदेषक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने इस परियोजना यानी एलएम बे से एनपी बे तक 80 टन ट्रांसफर कार के तेजी से निर्माण और चालू करने के लिए किए गए सामूहिक प्रयास की सराहना की, जो यूआरएम के लिए ब्लूम परिवहन को अपेक्षित गति प्रदान करेगा। ईडी (वर्क्स) अंजनी कुमार ने भी टीम को बधाई दी। सामान्य उत्पादन को रोके बिना इस परियोजना को सफल बनाने के लिए चैबीसों घंटे काम करने वाली पूरी टीम की कड़ी मेहनत अपने आप में एक उदाहरण और प्रेरणा रही है। इससे पहले इस तरह के किसी भी ब्लूम परिवहन प्रणाली के अभाव में, ब्लूम के परिवहन की वर्तमान आवश्यकता को बीएसपी द्वारा भारी भार वहन करने वाली ट्रेलर की सहायता से ब्लूम परिवहन अनुबंध के माध्यम से किया जा रहा है जिस पर भारी लागत लग रही थी। इस प्रकार यूआरएम के लिए रेल ब्लूम्स के प्रभावी और व्यवहार्य परिवहन के लिए एसएमएस-3 के एल-एम बे और एन-पी बे के बीच एक उपयुक्त ब्लूम ट्रांसफर कार सिस्टम की परिकल्पना की गई है ताकि इसे सुविधाजनक रूप से इष्टतम लीड टाइम के साथ वैगनों के माध्यम से यूआरएम में कम खर्च पर परिवहन किया जा सके जिससे बीएसपी को प्रतिवर्ष बहुमूल्य मुद्रा की बचत होगी।

यह उल्लेखनीय है कि एसएमएस-3 की मूल परियोजना में निर्दिष्ट क्षेत्र में इस तरह के किसी भी इंटर बे ट्रांसफर कार सिस्टम की परिकल्पना नहीं की गई थी और इस ब्लूम ट्रांसफर सिस्टम के संचालन न केवल सुविधाजनक साबित होगा बल्कि इसमें बीएसपी के आर्थिक लाभ भी निहित है।

# धान खरीदी महाभियानः जिले में अब तक 25 हजार 272 क्विंटल से अधिक धान की हुई खरीदी

## खरीदी केंद्रों से धान के उठाव में आई तेजी, 8 हजार 710 क्विंटल धान का हो चुका है उठाव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा। जिले में 1 नवंबर से शुरू हुए धान खरीदी महाअभियान के तहत जिले के किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी जारी है। जिले में अब तक 25 हजार 272 क्विंटल 40 किलो धान की खरीदी हो चुकी है। इसमें 25 हजार 174 क्विंटल मोटा और 98 क्विंटल 40 किलो सरना शामिल है। वहीं 21 नवंबर के लिए 238 टोकन जारी किए गए हैं। इसके माध्यम से 9 हजार 474 क्विंटल 40 किलो धान की खरीदी की जाएगी।**



धान खरीदी के साथ खरीदी केंद्रों से धान का उठाव भी शुरू हो चुका है। जिसमे अब तेजी आ गई है।

खरीदी केंद्रों से 8 हजार 710 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। जिले के किसान अब तक 5 करोड़ 15 लाख 55 हजार 696 रुपए का धान समितियों में बेच चुके है। शासन द्वारा खरीदी केंद्रों में धान बेचने के लिए किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं से किसान संतुष्ट है। साथ ही टोकन लेने के लिए टोकन तुम्हर हाथ मोबाइल ऐप से भी किसान लाभान्वित हो रहे हैं। उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव की गति भी तेज होने लगी है।

अब तक जिले के धान उपार्जन केंद्रों में कुल 25 हजार 272 हजार क्विंटल 40 किलो धान की आवक हुई है। जिसमे से 8 हजार 710 क्विंटल धान का उठाव कर लिया गया है। आगामी दिनों में धान खरीदी में तेजी के साथ धान के उठाव में भी और तेजी आएगी। जिसे देखते हुए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं।

आगामी 21 नवंबर को धान खरीदी के लिए 238 टोकन जारी किए गए हैं। इनमें समिति के माध्यम से 130 और मोबाईल ऐप से 108 टोकन जारी किए गए है। जारी टोकन के माध्यम से 9 हजार 474 क्विंटल 40 किलो धान की खरीदी की जाएगी। 21 नवंबर के लिए जारी टोकन में धान खरीदी केन्द्र तुमान में आठ, कटघोरा में तेरह ,जवाली-रंजना में एक, पाली में बारह,भिलाई बाजार में तीन,कोरबी(पाली) में आठ,बरपाली (कोरबा) में आठ, सोहागपुर, कराइनारा में एक,कनकी में दो, नवापारा बेहरचुआं में तीन,चिकनिपाली लबेद में सात,पोड़ी में पांच, बरपाली में दो,कोथारी में नो, जटगा तुमान में दो,हरदी बाजार में ग्यारह,रामपुर में सोलह,कोरबी-पोड़ी उपरोड़ा में बारह,करतला में तीन, फरसवानी में दो,छुरीकला पांच,पसान तीन,पाली नुनेरा दो, सिरमिना सात, जवाली पांच, पोड़ीउपरोड़ा तीन, बिंझरा आठ, भैसमा छः, कोरकोमा तीन, उत्तरदा तीन,जटगा दो, निरधि में सत्रह, हरदी बाजार नोनबिर्रा पांच,अखरपाली दो, करतला केराद्वारी तीन, पसान लेंगा के लिए छः, लाफा के लिए चार,चिकनिपाली के लिए दो, चैतमा के लिए 16, छुरीकला-सुमेधा में दो, नवापारा के लिए नो और कुल्हरिया खरीदी केंद्र में चार टोकन जारी किए गए है। इस तरह 21 नवंबर को 42 खरीदी केंद्रों के लिए कुल 238 टोकन पर 9 हजार 474 क्विंटल 40 किलो धान खरीदी होगी।

# सी-मार्ट में महिलाओं ने अब तक 60 लाख से अधिक का किया व्यवसाय




श्रीकंचनपथ न्यूज

### हर माह औसतन 5 से 7 लाख की हो रही बिक्री

**अम्बिकापुर।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना सी-मार्ट द्वारा समूह की महिलायें सफल व्यावसायी के रुप में स्थापित हो रही हैं। शहर के देवीगंज मार्ग में संचालित सी-मार्ट में महिलाओं ने अब तक 60 लाख 10 हजार 320 रुपये का व्यवसाय किया है। विगत अप्रैल माह से शुरू हुए इस सी-मार्ट में महिलाओं के द्वारा औसतन 5 से 7 लाख की बिक्री की जा रही है।

सी-मार्ट का संचालन नगर निगम के सहयोग से महिला स्व सहायता समूह जिनका बिहान महिला किसान उत्पादक कंपनी भी है इनके द्वारा किया जा रहा है। सी-मार्ट में डेली नीड्स, फल सब्जियां, मिठाई, सजावटी समान, मसाले, देशी एवं अन्य उत्पाद सहित करीब 1000 प्रकार के सामग्री गुणवत्तापूर्ण एवं वाजिब दर पर उपलब्ध है। इस सी-मार्ट को निजी मार्ट में रूप में विकसित किया जा रहा जहां ग्राहकों की सुविधाओं को तवज्जां दिया जा रहा है। बिलिंग प्रॉसेस भी सुविधाजनक है ग्राहकों को अनावश्यक इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। मार्ट को और बेहतर बनाने और सुव्यवस्थित संचालन के लिए समय-समय पर निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए जाते है।

# 15 वें वित्त आयोग की राशि से होगा समुदाय आधारित स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अम्बिकापुर। कलेक्टर कुंदन कुमार की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शनिवार को 15 वित्त आयोग पर जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री आदित्य ईश्वर शरण सिंहदेव, सीईओ जिला पंचायत श्री विश्व दीप, नगर निगम कमिश्नर सुश्री प्रतिष्ठा ममगई उपस्थित थे। बैठक में 15 वें वित्त आयोग के द्वारा दिए गए अनुदान के संबंध में चर्चा हुई एवं विस्तृत कार्य योजना सभी सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।**



कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओ का व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु ज्यादा ध्यान देने का निर्देश दिए और 15 वे वित्त आयोग की राशि से स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार होने की बात कही। उन्होंने नगर निगम कमिश्नर को निर्देशित किया कि एमआईसी की बैठक बुलाकर नगर निगम अंबिकापुर के अंतर्गत निर्माणाधीन समस्त अर्बन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के भवन हेतु एनओसी तत्काल स्वास्थ्य विभाग को दिया जाए। 15 वे वित्त आयोग के माध्यम से नवीन भर्ती किया जाना आवश्यक है जो वर्तमान में आरक्षण संबंधी नियमों की वजह से रुका हुआ है। प्रत्येक हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर्स में निशुल्क जांच उपचार रक्त जांच निशुल्क दवा एवं निशुल्क रफल सेवाएं प्रदान की जाएंगी। बताया गया कि अंबिकापुर नगर निगम क्षेत्र में 16 हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर हमर क्लीनिक की स्थापना की जा रही है एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा में सर्व सुविधा युक्त हमर अस्पताल की स्थापना की जा रही है। यह सभी कार्य सीजीएमएससी के द्वारा किए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में उदयपुर में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का स्थापना की जा रही है जो सर्व सुविधा युक्त लग्जरी से सुसज्जित होगी ताकि किसी भी प्रकार की कोविड जैसी महामारी के प्रकोप से बचा जा सके। इसी तरह से 38 सब हेल्थ सेंटर का हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में उन्नयन 15 वें वित्त आयोग के माध्यम से किया जाएगा। पहली बार 15 वें वित्त आयोग के माध्यम से सामुदाय आधारित स्वास्थ सुविधाओं पर जोर दिया जा रहा है। पूरे प्रदेश का पहला हमर क्लीनिक 6 अक्टूबर को गोधनपुर अंबिकापुर में स्वास्थ्य मंत्री श्री टीएस सिंहदेव के द्वारा उद्घाटन किया गया था।

बैठक में सरपंच बुंदेला, सीएमएचओ डॉ पीएस सिसोदिया, डीपीएम डॉ पुष्पेंद्र राम सीपीएम, डॉ अमीन फिरदौसी, संगवारी टीम के सदस्य डॉ शिल्पा खन्ना डॉक्टर चैतन्य मलिक उपस्थित थे।

# जाली नोट गिरोह के दो आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोण्डागांव।** प्रार्थी रोहित कुमार कौषिक ने थाना धनोरा आकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि, दीपावली के समय ग्राम बिंझे स्थित उसके फर्नीचर दुकान में 500 के 02 नोट नकली जैसा मिला तब वो गांव में अन्य लोगों से चर्चा करने पर गांव के अनील आंचले का किराना दुकान में 500 के 02 नोट नकली जैसा, जुनू राम मरापी के किराना दुकान में 500 के 01 नोट नकली जैसा, एवं साप्ताहिक बाजारों में सब्जी बेचने का धंधा करने वाला नरसू नाग के पास में 500 के 02 नोट नकली जैसा कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा सामान खरीदने के बदले में असली नोट के साथ -साथ नकली जैसा नोट देकर खरीदी कर इनके साथ ठगी किया गया है, पता चला है कि रिपोर्ट पर थाना ईरागांव में अपराध क्रमांक 15/2022 धारा 420,489(ख) भादवि . कायम कर विवेचना में लिया गया।

जिले में जाली नोट मिलने की गंभीर घटना को देखते हुए कोंडागांव पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल (भा.पु.से.) द्वारा जाली नोट गिरोह के सदस्यों को तत्काल गिरफ्तार करने के आदेश से एडिशनल एसपी कोंडागांव शोभराज अग्रवाल के मार्गदर्शन व एसडीओपी केशकाल भूपत सिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण में तत्काल टीम गठित कर आरोपियों की लगातार पता तलाश की जा रही थी। अज्ञात आरोपियों के पतासाजी के दौरान मुखबीर द्वारा नकली नोट के कारोबार में संलिप्त लोगों की सूचना मिलने पर आरोपी असगर अली पिता सज्जाद अली, कोरापुट (उड़िसा) एवं नब्बूखान पिता अब्दुल हाकिम खान, कांकेर को दिनांक 18.11.2022 को गिरफ्तार किया गया है। मौके पर दोनों आरोपीयो के कब्जे से 500 रूपये एवं 200 रूपये का नकली नोट जप्त किया गया है।



# मंडल की सभी योजनाएं श्रमिकों के लिए बन रही है मील का पत्थर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप शासकीय योजनाओं का सीधा लाभ धरातल के लोगों को मिले इसके लिए छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल द्वारा 22 श्रमिक हितैषी योजनाएं संचालित हो रही है। मंडल की ये सभी योजनाएं प्रदेश के श्रमिक जनों तथा उनके परिवारों के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। उक्त बातें आज नगर निगम ऑडिटोरियम में आयोजित श्रमिक सम्मेलन कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) सुशील सन्नी अग्रवाल ने कही। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा श्रमिकों के लिए चलायी जा रही सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए एक ही चॉबी है श्रमिक कार्ड। शासन डीबीटी के माध्यम से इन सभी योजनाओं का लाभ सीधे हितग्राहियों के खाते में दे रही है। इसलिए सभी पात्र हितग्राही श्रमिक कार्ड बनवाये एवं इन सभी योजनाओं का लाभ ले। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत से हुआ। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, महापौर श्रीमती जानकी काटजू, बोर्ड मेम्बर दुर्गेश जायसवाल, पूर्व सभापति सलीम नियारिया, सागर सोलंकी, अनिल शुक्ला, अमृत काटजू, रानी चौहान, शेख ताजीम सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# भिलाई की युवती की बिलासपुर में हत्या, चार दिन से थी लापता, सेंट्रो कार में मिली लाश

## बिलासपुर में रहकर कर रही थी पीएससी की तैयारी, शेयर में लगाए पैसों के लेनदेन का है मामला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बिलासपुर में रहकर पीएससी की तैयारी कर रही सेक्टर-7 भिलाई की युवती का शव कार में मिलने से हड़कंप मच गया। चार दिन से लापता युवती की हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने आरोपी कार से युवती की लाश को ले जा रहा था इस दौरान पुलिस को भनक लग गई। पुलिस ने कार से शव बरामद किया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक ने युवती से शेयर मार्केट में लाखों रुपए इन्वेस्ट कराया था और घाटा होने के बाद अपने रुपए मांगने पर आरोपी ने युवती की हत्या कर दी।



मिली जानकारी के अनुसार भिलाई सेक्टर 7 सड़क 31बी निवासी बृजेश सिंह की बेटी प्रियंका सिंह (24) सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के टिकरापारा मन्नू चौक स्थित एक गर्ल्स हॉस्टल में रहकर पीएससी की तैयारी कर रही थी। 15 नवंबर को अचानक व लापता हो गई। भिलाई से उसके परिजनों ने कॉल किया तो मोबाइल बंद मिला। इसके बाद उसका भाई हिमांशु सिंह दूसरे दिन बिलासपुर पहुंचा अपनी बहन की गुमशुदगी दर्ज कराई। इसके बाद से पुलिस युवती की तलाश कर रही थी।

जब पुलिस ने जांच शुरू की तो उसे पता चला कि प्रियंका सिंह आखिरी बार दयालबंद स्थित सिटी फार्मेसी में देखी गई। यह दुकान कस्तुरबा नगर निवासी आशीष साहू की थी। पुलिस ने आशीष साहू के दुकान पहुंची तो यहां सीसी टीवी बंद मिला। इसके बाद शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में प्रियंका का शव आशीष साहू की कार में मिला। इसके बाद पुलिस ने आशीष साहू को गिरफ्तार किया और पूछताछ में उसने अपनी गलती मान ली है। इसके बाद जो खुलासे किए वह चौंकाने वाले थे।

### शेयर मार्केट में इन्वेस्ट के लिए दिए थे लाखों रुपए

कस्तूरबा नगर निवासी आशीष साहू की सिटी फार्मेसी के नाम से मेडिकल स्टोर संचालित करने लगा। मेडिकल दुकान नहीं चलने पर वह शेयर मार्केट में पैसा लगाने लगा। दयालबंद के पंजाबी कॉलोनी में प्रियंका सिंह कोचिंग करने जाती थी और इस दौरान उसकी आशीष से जान पहचान हुई। आशीष ने प्रियंका को शेयर मार्केट में पैसा लगाने का ऑफर दिया। शुरुआत में प्रियंका को अच्छा प्राफिट मिला इसके बाद एक साथ उसने 11 लाख रुपए इन्वेस्ट कर दिए। इस बार नुकसान हो गया और आशीष रुपए नहीं दे पाया।

### 15 नवंबर को हुई थी प्रियंका की हत्या

अपने रुपए लेने के लिए प्रियंका साहू 15 नवंबर की दोपहर करीब डेढ़ बजे आशीष साहू की दुकान पहुंची थी। इस दौरान उसने अपने रुपए मांगे तो आशीष ने नहीं होने की बात कही। इसके बाद प्रियंका वहां अपने रुपए लेने के लिए आशीष पर चिल्लाने लगी। इसके बाद आशीष ने प्रियंका को दुकान में बिठाया और शट बंद कर दिया। इसके बाद दोनों में रुपए के लेनदेन को लेकर बहस होने लगी। इस दौरान आशीष ने प्रियंका की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को चार दिनों तक दुकान में ही रखा। बदबू छिपाने के लिए दुकान में खुशबूदार अगरबत्ती व फरफ्यूम छिड़कता था।

### शनिवार को निकला था शव को ठिकाने लगाने

आरोपी आशीष चार दिन बाद शनिवार की सुबह शव को ठिकाने लगाने निकला था। आरोपी आशीष साहू के पकड़े जाने और प्रियंका की लाश कार से बरामद होने के बाद पुलिस ने दोबारा जांच की तो आशीष के सामने की दुकान का सीसीटीवी फुटेज देखा गया। जिसमें शनिवार की सुबह करीब 4 बजे आशीष अपनी दुकान से प्रियंका का शव निकालते नजर आ रहा है। पुलिस ने दुकान के सीसीटीवी से फुटेज निकाल लिया है। आरोपी आशीष साहू ने प्रियंका की हत्या की बात कबूल ली है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर उसकी दुकान के सामने नाली से प्रियंका का मोबाइल भी बरामद कर लिया है, जिसे उसने हत्या की वारदात के बाद नाली में डाल दिया था।

---

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पर जानलेवा हमला

# दस लोगों ने घेरकर लाठी-डंडों से पीटा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** जशपुर जिले में एक कांग्रेस नेता पर जानलेवा हमला करते हुए आठ से दस लोगों ने मिलकर उन्हें लाठी-डंडों से जमकर पीट दिया। जिससे घायल नेता को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थिति को देखते हुए सिविल हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर रेफर किया है। मिली जानकारी के अनुसार पत्थलगांव ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष हरगोविंद अग्रवाल पर यह जानलेवा हमला किया गया है।

### दो पक्षों में चल रहा था जमीन विवाद

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम लंझियापारा, कुमेकेला में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों मे तीखी नोक झोक चल रही थी, इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरगोविंद अग्रवाल भी जमीन संबंधित कार्य से ही वहां पहुंचे हुए थे। इस दौरान जमीन विवाद कर रहे दो पक्षों के लोगों में से एक पक्ष ने हरगोविंद अग्रवाल को घसीटते हुए जमीन पर गिराकर उन्हें लाठी डंडों से मारकर घायल कर दिया। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष किसी तरह वहां से अपनी जान बचाकर अपने सहयोगियों की मदद से सिविल हॉस्पिटल पहुंचे। जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

### अस्पताल पहुंचे विधायक

घटना की जानकारी मिलते ही विधायक रामपुकार सिंह, जिला पंचायत सदस्य आरती सिंह, गौ सेवा आयोग के सदस्य शेखर त्रिपाठी, कुलविंदर सिंह भाटिया, मंडी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, हंसराज अग्रवाल सतिह कांग्रेसियों ने सिविल हॉस्पिटल पहुंचकर हरगोविंद अग्रवाल के स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी वायरल हुआ है। इधर थाने में घटना की शिकायत के बाद लंझियापारा के ग्रामीणों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

---

## खास खबर

### घर पर रहने आया था पत्नी का रिश्तेदार, मामूली विवाद में पति ने चाकू से गोदकर की हत्या

**रायपुर।** राजधानी के विधानसभा क्षेत्र में पत्नी के रिश्तेदार की पति ने चाकू गोदकर हत्या कर दी। घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है। इस मामले में सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आखिर हत्या की वजह क्या है। मामूली विवाद की बात सामने आई है लेकिन विवाद किस बात का था यह साफ नहीं हो पाया है। मिली जानकारी के अनुसार विधान सभा क्षेत्र में रंजीता पाल अपने पति अंजित पाल के साथ रहती है। इनके घर पर कुछ माह पूर्व रंजीता पाल का रिश्तेदार विक्की कुर्रे आया और साथ में ही रहने लगा। बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात को विक्की कुर्रे और अंजित पाल का आपस में विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि अंजित ने विक्की को चाकू से गोद दिया। इससे विक्की गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मेकाहरा में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी अंजित पाल को गिरफ्ता कर लिया है।

### बाइक चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोरबा (ए)।** जिला पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में एक 18 वर्षीय युवक को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। ये मामला जिले के कुसमुंडा थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान कोरबा निवासी विकास हिमधर के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी राकेश राठौर ने पुलिस ने अपनी बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पीड़ित ने पुलिस को बताया को वो बीती 7 तारीख को कुसमुंडा स्थित अपने एक रिश्तेदार के घर के छठी कार्यक्रम शामिल होने गए थे और रात में घर के बाहर ही गाडी रख दी थी। अगली सुबह जब उसने गाडी नहीं दिखी तो खोजबीन शुरू और गाडी नहीं मिलने पर चोरी का मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मुखबिर से मिली सुचना के आधार पर आरोपी को कोरबा के रामनगर क्षेत्र स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया है।

---

# काम पर निकली महिला की झाड़ियों में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** बिलासपुर में महिला की हत्या के बाद शव को सड़क किनारे फेंक दिया गया। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। शनिवार दोपहर को ग्रामीणों ने झाड़ियों में देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद इसे हत्या का मामला बताया। वहीं महिला के हाथ में शनिच नाम लिखा था। इस नाम के आधार पर महिला की शिनाख्त मुन्नी केंवट के रूप में हुई। हाथ पर उसके पति का नाम लिखा हुआ था। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस पूछताछ में पता चला कि मुन्नी केवंट के पांच बच्चे हैं। उसके पति की चार साल पहले ही मौत हो गई थी। वह दूसरे के घरों में झाडू-पोंछा का काम करती थी। शुक्रवार को भी वह अपने घर से काम पर ही निकली थी इसके बाद घर नहीं लौटी। देर शाम तक महिला के घर नहीं पहुंचने पर बच्चों ने फोन लगाया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। वहीं शनिवार को महिला लाश मिली।

सरंकडा थाना प्रभारी उत्तम साहू ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे थे। महिला के गले में गमछा बंधा हुआ था और प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला ही लग रहा है। यही नहीं मौके से महिला का मोबाइल भी गायब मिला है। फ्लिहाल यह पता लगाया जा रहा है कि महिला को आखिरी बार किसके साथ देखा गया था। साथ की महिला का मोबाइल लोकेशन भी सर्च किया जा रहा है। साथ ही संदेहियों का पता लगायाय जा रहा है।





### तेज रफ्तार ट्रक ने मारी ठोकर, कार सवार की मौत

**रायपुर।** प्रदेश में लगातार सड़क हादसा बढ़ जा रहे है। खरोरा इलाके के पिकलीडीह के मेन रोड पर देर रात ट्रक की तेज ठोकर से कार सवार की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक पिकलीडीह गांव की मुख्य सड़क से ट्रक नंबर सीजी 07 बीडब्लू 9855 तेज रफ्तार से जा रहा था।

वहीं पर ईको कार क्र सीजी 04-एनई/1936 को अपनी चपेट में ले लिया। कार में खपराभट्ठी पंडरी निवासी पिता,पुत्र सवार थे। ट्रक की इस ठोकर से अजय साहु की मौके पर ही मौत हो गई। ड्राइवर ट्रक समेत फरार हो गया। पिता रमेश साहू ने भागते ट्रक के नंबर को नोट कर खरोरा थाने में धारा 304 ए और मर्ग दर्ज कराया।

---

# महिला से रेप और जबरन वसूली करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे




**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर पुलिस ने एक महिला से रेप और जबरन वसूली के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। ये मामला शहर के सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र का है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी रोशन बुधवानी ने पीड़िता से मार्च 2017 से नवंबर 2022 के बीच लगातार अनाचार करता रहा। आरोपी ने रेप पीड़िता का वीडियो भी बना लिया जिसे वायरल करने की धमकी देते हुए महिला से 10 लाख के ज्वेलरी और नगद रकम भी ले ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा 376 और 384 के तहत केस दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

---

# साइबर ठगी के शिकार हुए क्रेडा अधिकारी, क्रेडिट कार्ड बंद करने का झांसा देकर खाते से उड़ाए 70 हजार

श्रीकंचनपथ न्यूज





**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।** गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में एक अधिकारी साइबर ठगी के शिकार हो गए हैं। ठगों ने उनके खाते से 70 हजार रुपए पार कर दिए। पीड़ित अधिकारी ने पेंड्रा थाने में साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार जिला क्रेडा अधिकारी विक्रम वर्मा पेंड्रा के पंचम कॉलोनी में कन्हैया वासुदेव के मकान में किराए से रहते हैं। उनका खाता अंबिकापुर की एसबीआई की मेन ब्रांच से संचालित होता है।

पीड़ित अधिकारी ने पुलिस को बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर एसबीआई के क्रेडिट कार्ड को बंद करने के संबंध में कॉल किया था। इसके बाद आरोपी ने उनके खाते से धोखाधड़ी करते हुए 70 हजार रुपए पार कर दिए। इस मामले की अधिकारी ने पहले साइबर पुलिस गौरेला से की और उसके बाद पेंड्रा थाने में पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई।

### इस नंबर से किया था कॉल

पीड़ित अधिकारी ने बताया कि उनके अकांउट से अज्ञात व्यक्ति ने अवैध तरीके से पैसा निकाल लिया। उन्होंने कहा कि 14 नवंबर को अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें मोबाइल नंबर 8918138369, 7479338748 से कॉल किया। आरोपी ने एसबीआई क्रेडिट कार्ड को बंद करने के संबंध में फोन किया और उनके अकाउंट से 70,000 रुपए अवैध तरीके से किसी और के मार्केटिंग अकाउंट में ट्रांसफर करा दिया।

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### चंडी चौक से लगें सड़क किनारे निगम ने हटाया अतिक्रमण, आम नागरिकों को हो रही थी दिक्कत

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर के मुख्य मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने निगम प्रशासन द्वारा शनिवार को चंडी मंदिर चौक क्षेत्र तक सड़क किनारे काबिज अतिक्रमणकारियों को हटाने की कार्रवाई की गई।इस दौरान कब्जाधारियों को चेतावनी के साथ समझाइस दी गई। चंडी चौक क्षेत्र के आस पास सड़क घेरकर व सड़क किनारे लोग चाय ठेला,खोमचा,पान ठेला आदि दुकान लगाकर कारोबार कर रहे हैं। इसकी वजह से आवागमन में आम नागरिकों को दिक्कत हो रही है साथ ही साथ यातायात भी बाधित हो रहा है।निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर निगम के राजस्व विभाग अमला एवं अतिक्रमण तोड़ू दस्ता ने उक्त मार्ग पर काबिज 10 से 15 अतिक्रणकारियों को हटाया और दोबारा अतिक्रमण किए जाने पर सामान जब्ती कार्रवाही की चेतावनी दी गई। कहा अतिक्रमण हटवाकर फ़ेटो पोस्ट करें व्हाट्सअप पर कार्रवाई के दौरान निगम के सहायक राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, अतिक्रमण अधिकारी व उड़नदस्ता प्रभारी शिव शर्मा,सहायक उप राजस्व निरीक्षक चंदन मँहरे, निशांत यादव सहित अन्य मौजूद रहें।

### इंदिरा जी ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की एकता अखंडता कायम रखी - कुरैशी

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने शहीद श्रीमति इंदिरा गांधी जी की जयंती के अवसर पर पावरहाउस रेल्वे ब्रिज, केम्प नं0-2 चटाई क्वॉटर में स्थापित इंदिरा जी के प्रतिमा में श्री मुकेश चंद्राकर, आर.एस. शर्मा, मोहन गुप्ता, श्रीमति तुलसी साहू, सुश्री नीता लोधी, राधारमण चैबे, कोटेश्वर राव ने माल्यअर्पण किया। कुरैशी ने कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमति इंदिरा गांधी जी ने गरीब, असहाय, कमजोर तपके के लोगों को आर्थिक रूप से स्वालंबी बनाने देश के बैंको को राष्ट्रीयकरण किया और बिना गारेंटी के सामान्य गरीब परिवार को व्यवसाय करने बैंको से ऋण उपलब्ध करवाया, राजा महराजाओं को सरकार की तरफ से प्रिवीपर्श मिलता था उसको खत्म कर गरीबों को आज तक वितरण हो रहा है ये इंदिरा जी की देन थी इंदिरा जी सन् 1967 से 1977 तक एवं सन् 1980 तक देश की प्रधानमंत्री रही देश की आजादी के लिए संघर्ष करी और जेल गयी देश की एकता अखंडता को कायम रखने अपनी कुर्बानी दे दी लेकिन देश को खंडित नहीं होने दिया।

### टीपीएल वर्कशॉप में सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान का आयोजन

**भिलाई।** टीपीएल वर्कषॉप द्वारा दिनांक 17 नवम्बर 2022 को प्रातः 08.45 बजे से सड़क सुरक्षा अभियान का आयोजन महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में टीपीएल वर्कषॉप मार्ग फारेस्ट एवेन्यु किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल ने वाहन चलाते वक्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग एवं गति नियंत्रण का आग्रह किया। इस कार्यक्रम का संचालन विभागीय सुरक्षा अधिकारीअनिल कुमार फुले ने किया। इस अवसर पर टीपीएल वर्कषॉप के प्रवीण कुमार व्यवहारे एवं समस्त कार्मिक हाथों में तक्तिया लेकर सड़क पर चल रहे यातायात की ओर उन्मुख होकर क्रैष हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट बांधने, वाहन गतिसीमा एवं वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करने संबंधित सावधानियों को प्रदर्षित कर रहे थे।

# दुर्ग के चमन ने हिमाचल के माउंट फ्रेंडशिप पीक पर फहराया छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का झंडा

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। पाटन के चमन लाल कोसे ने पर्वतारोहण क्षेत्र में नया रिकॉर्ड कायम किया है। चमन ने हिमाचल प्रदेश के सोलांग वेली मे स्थित 17,353 फीट की ऊंचाई वाले माउंट फ्रेंडशिप पीक पर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का झंडा फहराया है। चमन लाल कोसे ने माउंट फ्रेंडसशिप पीक को 6 दिनों में फतह कर लिया। उन्होंने 15 नवंबर को एडवांस बेस कैम्प से रात 10:10 पर चढ़ाई शुरू की और 16 नवंबर को सुबह 03:40 को पूरा कर लिया। वे बीते 10 नवंबर को रायपुर से इस अभियान के लिए निकले थे। इस दौरान माइनस (-14 डिग्री) तापमान पर ट्रेकिंग के द्वारा लगभग 24 किलोमीटर दूरी तय करके पूरा किया।

25 वर्षीय चमन लाल कोसे दुर्ग जिले के पाटन के निवासी हैं। चमन एक मध्यम वर्गीय परिवार के है। उनके पिता एक किसान हैं। साथ ही चमन वर्तमान समय में कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रायपुर में समाजकार्य विभाग के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी हैं। चमन बचपन से ही पर्वतारोहण का शौक रखते हैं। इस अभियान के लिए चमन लाल कोसे ने अपने विधानसभा क्षेत्र के विधायक और प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री उमेश पटेल को भी धन्यवाद दिया। छत्तीसगढ़ के पहले विंटर एक्सपीडिशन करने वाले चमन लाल कोसे बताते हैं कि यह चढ़ाई आसान नहीं थी। चढ़ाई के दौरान कई सारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा सबसे बड़ी चुनौती विंड चिल्ड फैक्टर थी, यानी ठंडी तेज़ हवाओं से बचना। इसके अलावा दो बार हिमस्खलन का सामना भी करना पड़ा। चमन बताते हैं इस दौरान पहाड़ो में होने वाली रूस बीमारी के चपेट मे भी आ गए। लेकिन उनका कुछ करने का जज़्बा और जुनून ही उन्हें शिखर पर ले गया।

### यहां मिली ट्रेनिंग

पर्वतारोही चमन लाल कोसे ने सिक्किम के पर्वतारोहण संस्थान से माउंटेनियरिंग (पर्वतारोहण) और माउंट आबू, राजस्थान में स्थित स्वामी विवेकानंद इंस्टिट्यूट से रॉक क्लाइम्बिंग का कोर्स किया है। पर्वतारोहण जैसे साहसिक खेलों के क्षेत्र में पिछले 5 सालों का अनुभव रहा है। उन्होंने उत्तराखंड व छत्तीसगढ़ के एडवेंचर स्पोर्ट्स बेस्ड कंपनी व संस्थान में भी काम सीखा है। अब अगले महीने में चमन अफ्रीका महाद्वीप के सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो (19,341 फिट / 5,895 मीटर) की ऊंची चोटी पर चढ़ाई करेंगे। जो कि महाद्वीपो के पहाड़ो की ऊँचाई की रैंकिंग में चौथा सबसे ऊंची चोटी है।




### शिखर पर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का झंडा फहरा कर संदेश दिया

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक को एडवेंचर स्पोर्ट्स के जरिये बढ़ावा देने लिए चमन ने 17,353 फीट पर हिमाचल प्रदेश के माउंट फ्रेंडशिप पीक छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का झंडा फहराया। इस अभियान के लिए चमन लाल कोसे ने अपने विधायक और प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल का आभार व्यक्त अपने तरीके से किया है। चमन ने सीएम भूपेश बघेल को समर्पित करते हुए सपाटनवालेकका का पोस्टर शिखर पर फहराया। उन्होंने कहा कका के सहयोग के बिना यह कर पाना संभव नहीं था।

### विंटर एक्सपीडिशन करने वाले छत्तीसगढ़ के पहले व्यक्ति

चमन लाल कोसे अल्पाइन टेक्निक क्लाइम्बिंग (Alpine Technique Climbing) के साथ साथ विंटर एक्सपीडिशन (Winter E&pedition) किया। अल्पाइन टेक्निक से क्लाइम्बिंग यानी इस चढ़ाई में अमूमन 1-2 लोग ही होते हैं और अभियान को पूरा करते हैं। यह पर्वतारोहण के क्षेत्र में सबसे उच्चतम श्रेणी की विधा है। विंटर एक्सपीडिशन का मतलब शरद ऋतु में पर्वतारोहण करना है। विंटर एक्सपीडिशन 1त्न से भी कम पर्वतारोही ही कर पाते है। इस तरह राष्ट्रीय स्तर पर विंटर एक्सपीडिशन करने वाले छत्तीसगढ़ के पहले व्यक्ति चमन लाल कोसे बन गए हैं। इससे पहले छत्तीसगढ़ के एवेरेस्ट पर्वतारोही राहुल गुप्ता 'माउंटेन मेन' ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पहाड़ों पर अल्पाईन टेक्निक के साथ साथ विंटर एक्सपीडिशन भी किया है।

बीएसपी के स्वच्छता अभियान को मिलेगी नई दिषा

## बीएसपी और सुलभ इंटरनेशनल के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भुगतान और उपयोग के आधार पर बोरिया गेट पार्किंग के पास विश्राम सुविधा के संचालन और रखरखाव के लिए बीएसपी और सुलभ इंटरनेशनल के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। बीएसपी की ओर से मुख्य महाप्रबंधक एस वी नंदनवार, और मैसर्स सुलभ इंटरनेशनल की ओर से रंजीत कुमार ने महाप्रबंधक प्रभारी (टाउनशिप) सुब्रत प्रहराज, और महाप्रबंधक (टाउन इंजीनियरिंग) संजय कुमार, की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए।



इस शौचालय की सुविधा का उपयोग बोरिया गेट से आने-जाने वाले भारी वाहनों के चालकों और सहायकों द्वारा किया जाएगा। इस विश्राम स्थल में पीने के पानी, धोने, नहाने और शौचालय की सुविधा है। इस प्रकार यह भिलाई टाउनशिप में गुणवत्ता और परिवेश के मामले में नवीनतम मानकों के साथ आने वाली अनूठी सुविधा में से एक है। यह विश्राम सुविधा 24७7 सभी के उपयोग के लिए उपलब्ध होगी। यह सुविधा अब पूर्णरूपेण तैयार हो चुकी है और सोमवार 14 नवंबर से जनता के उपयोग के लिए प्रारंभ कर दी गई है। सुरक्षा गार्ड तीनों पालियों में उपलब्ध रहेंगे और हर कुछ घंटों में इसकी सफाई की जाएगी। शौचालय ब्लॉक के साथ विश्राम सुविधा का ओ एंड एम (संचालन और रखरखाव) मैसर्स सुलभ इंटरनेशनल द्वारा भुगतान और उपयोग के आधार पर किया जाएगा। शौचालय और स्नानागार की सुविधा के लिए उपयोगकर्ताओं से 5 रुपये शुल्क लिया जाएगा, जबकि मूत्रालय उपयोग और विश्राम की सुविधा मुफ्त उपलब्ध होगी। 03 साल के लिए एमओयू किया गया है और इस अवधि के दौरान उपयोगकर्ता को स्वच्छ और अबाधित पानी उपलब्ध कराने के साथ ही स्नान और मूत्रालय की सुविधा प्रदान की जाएगी। विश्रामालय और शौचालय की सुविधा और परिसर की सफाई के लिए आवश्यक सामग्री सभी उपकरण/मशीनरी, सफाई रसायन, डिटर्जेंट आदि की व्यवस्था मैसर्स सुलभ इंटरनेशनल द्वारा किया गया है। शौचालय परिसर चैबीसों घंटे एवं सातों दिन खुला रहेगा। बीएसपी ओ एंड एम(संचालन और रखरखाव) के लिए मैसर्स सुलभ इंटरनेशनल को कोई शुल्क नहीं देगी।

विदित हो कि सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गनाइजेशन 1970 में स्थापित एक गैर-लाभकारी स्वैच्छिक सामाजिक संगठन के रूप में की गई थी। यह मैला ढोने वालों की मुक्ति की गांधीवादी विचारधारा को समर्पित है। सुलभ अस्पृश्यता को दूर करने और मैला ढोने वालों के खिलाफ सामाजिक भेदभाव के लिए काम कर रहा है। सुलभ को लागत प्रभावी स्वच्छता, मैला ढोने वालों की मुक्ति, समाज के सामाजिक परिवर्तन, पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम और ऊर्जा के गैर-पारंपरिक स्रोतों के विकास के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए जाना जाता है।

## जो खोया है उसकी आह आह जो बच गया है उसकी वाह वाह करो : राष्ट्र संत ललितप्रभजी

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। राष्ट्रसंत महोपाध्याय श्री ललितप्रभ सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियां, नेगेटिविटी हर आदमी की जिंदगी में आती है, मन के प्रतिकूल वातावरण तो हर आदमी के जीवन में बनता है, लेकिन एक बात आप तय मानकर चलना कि जिंदगी की बाजी वही जीतता है जो प्रतिकूल वातावरण आने पर भी अपने मन की स्थिति को अनुकूल बनाए रखता है। अपनी मानसिक स्थिति को अनुकूल बनाए रखता है। मेरे भाई..,तस्वीर में तो हर कोई मुस्कुरा सकता है, पर जीवन की बाजी वही जीतता है जो तकलीफ में भी मुस्कुराना सीख जाए।



संत प्रवर शनिवार को श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ द्वारा बांधा तालाब में आयोजित तीन दिवसीय प्रवचन माला के शुभारंभ पर श्रद्धालु भाई बहनों को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि हम अपने आपको तौलें कि मैं कितना हीरा हूं और कितना कांच। कैमरे और एक्सरे की फोटोग्राफी में अंतर होता है। आदमी हीरा तब नहीं होता जब समाज के मंच पर बुलाकर कहा जाता है कि ये आदमी हीरा है। आदमी बड़ा तब होता है जब उसे उसके परिवारजन हीरा समझते और कहते हैं। यदि आपकी धर्मपत्नी कहे कि मुझे गौरव है कि आप जैसा पति मिला है, तो समझ लेना आप जीवन की बाजी जीत गए हैं। गौरव का अनुभव तब करना जब आपका बेटा आपसे कहे कि पापा मैं बड़ा होकर आप जैसा बनना चाहता हूं। आदमी अपने घर वालों के दिलों में जगह बनाए, यह उसके जीवन की पहली सफलता है। किसी भी इंसान की जिंदगी का सबसे पहला सत्कर्म यही है कि वह अपने स्वभाव को हमेशा मधुर-मीठा, आनंदभरा बनाए रखे। संतप्रवर ने आगे कहा कि आदमी को अपने जीवन के केंद्र बिंदु तय करने होंगे कि वह अपने जीवन में बनना क्या चाहता है। अक्सर व्यक्ति के जीवन के दो-तीन खास लक्ष्य होते हैं। उसका पहला लक्ष्य होता है- अच्छा पा लूं। ये भी पा लूं, वो भी पा लूं, ये भी बटोर लूं, वो भी बटोर लूं। पूरी दुनिया में जितनी दौलत है- आदमी को लगता है सारी दौलत मेरी हो जाए। इतना ही नहीं वह भी चाहता है कि मुझसे ज्यादा अमीर, मुझसे ज्यादा सुखी और कोई न हो। आदमी इसी एक लक्ष्य को पाने के लिए जिंदगीभर लगा रहता है। आदमी जिंदगीभर धन धन धन धन करता रहता है और अंत में आदमी का नि-धन हो जाता है। जब हम जन्मे थे तो माँ ने हमें जो लंगोट पहनाई थी, उसमें कोई जेब नहीं थी। और जब मरेंगे तो ये दुनिया जो अंतिम वस्त्र ओढ़ाएगी, उसका नाम कफन है और कफन में भी जेब नहीं होता। पर आदमी जिंदगीभर अपनी जेब भरने में ही लगा रहता है। उसकी ख्वाहिश होती है, पूरी दुनियाभर की दौलत पा लूं। पता नहीं ये दौलत उसके किस दिन काम आएगी।

संतप्रवर ने कहा कि जिंदगी जीने के लिए सबको इसी एक चीज का परिवर्तन चाहिए, वेष बदले कि ना बदले, परिवेश बदले कि ना बदले, देश बदले की ना बदले, पर आदमी अपनी एक मानसिकता को सुधार लेता है तो जिंदगी अपने-आप सुधर जाती है। जब तक आदमी अपने आपको नहीं बदल लेता है, स्वयं का रूपांतरण नहीं कर लेता तब तक जिंदगी आनंद से भर नहीं पाएगी। पूरी दुनिया में एक ही व्यक्ति है जो आपको सुधार सकता है, आपकी जिंदगी को स्वर्गनुमा बना सकता है और वो आप खुद हैं।

### चेहरे से हजार गुना बलवान चरित्र होता है

संतश्री ने कहा कि आदमी की पहली कमजोरी है कि वह हमेशा पाना चाहता है। और उसकी दूसरी कमजोरी यह है कि मैं हमेशा अच्छा दिखूं। मैं जहां जाऊं, लोग मुझे पसंद करें। अपने चेहरे को हमेशा मत सजाओ, अगर सजाना ही है तो अपने मन और आत्मा को सजाओ, क्योंकि इसी आत्मा को परमात्मा के द्वार जाना है। दुनिया में चेहरे से भी हजार गुना बलवान चरित्र होता है। भगवान मंदिरों में इसीलिए ही नहीं पूजे जा रहे कि उनका केवल चेहरा सुंदर था, उनकी पूजा उनके सुंदर चरित्र से हो रही है। सिकंदर सम्मान पा सकता है पर श्रद्धा तो दुनिया में महावीर और राम ही पाते हैं। त्यागी से ज्यादा महान दुनिया में और कोई नहीं। हर सुंदर व्यक्ति आइना देखकर यह संकल्प करे कि हे प्रभु जितना सुंदर तूने चेहरा दिया है, उतना ही सुंदर चरित्रवान बनने की ओर अग्रसर होने मुझे सर्वदा अवसर प्रदान कर।

## पीस ऑडिटोरियम में प्राचार्य एवं शिक्षकों के लिए क्रिएटिंग ग्रेटनेस कार्यशाला का हुआ आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सेक्टर 7 स्थित अंतर्दिशा भवन के पीस ऑडिटोरियम में क्रिएटिंग ग्रेटनेस कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमे दुर्ग जिले के सभी स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षकों के लिए ट्रेनिंग सेशन कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका एवं मोटिवेशनल स्पीकर ब्रम्हाकुमारी प्राची दीदी ने क्रिएटिंग ग्रेटनेस का आशय स्पष्ट करते हुए कहा कि आज की वर्तमान आवश्यकता है।



हमारे व्यक्तित्व से महानता की लहर वातावरण में फैलै। हमें किताबी ज्ञान देने के साथ-साथ हमारे आचरण हर कर्म से शिक्षा से शिक्षा देना ही क्रिएटिंग ग्रेटनेस है। शिक्षा नगरी भिलाई जो एजुकेशन हब के रूप में भारत में प्रसिद्ध है जिसे हमें और आगे बढ़ाते हुए छूना है आसमान की बुलंदियों को। आपने सभी प्राचार्यो एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा की बच्चों को कोरे कागज पर पहला अक्षर लिखना आप सिखाते हैं। बच्चों की समस्याओं को जिसमें पेरेंट्स के साथ-साथ हम टीचर भी बच्चों के कोमल मन को नहीं पढ़ पाते हैं बच्चों का कोमल मन आज नेगेटिविटी में फंस चुका है।

सर्वप्रथम कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी अमित घोष जी एवं विभिन्न विद्यालय के प्राचार्य एवं ब्रम्हाकुमारी बहनों ने दीप प्रज्वलन कर किया। प्राची दीदी ने आगे बताया की दृढ़ता का संकल्प कर हमें स्वयं परिवर्तन हो छात्रों को परिवर्तन करना है बच्चे बहुत जल्दी ही दूसरे की शिक्षाओं को देखकर कॉपी करते हैं चाहे अच्छा हो या बुरा बच्चों का चिड़चिड़ापन बढ़ता जा रहा है। आपने सभी समस्याओं का समाधान देते हुए कहा कि आई एम मास्टर ऑफमाय माइंड। आज बच्चों से ज्यादा मां-बाप को टेंशन है,बच्चों के भविष्य की कार्यशाला में प्रिंसिपल और टीचर्स को एक्टिविटी, ग्रुप डिस्कशन, वैल्यू गेम्स से ग्रेटनेस महानता कम होने के कारण पर मंथन हुआ7

हमें सब की क्वालिटी देखनी है हमारे दिनचर्या में हल्का पन कितना है सब चाहते हैं जीवन में हल्के रहे खुश रहे लेकिन फिर भी मन भारी रहता है दूसरे हमारे अनुसार कार्य करें यही मन को भारी करता है कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी अमित घोष जी ने कहा हम सभी चाहें घर में रहें या कार्यक्षेत्र में रहें अपने बच्चों से या अपने घर वालों और अपने काम से तनाव का अनुभव करते ही हैं। तनाव को खत्म करने की इससे अच्छी जगह और कोई नहीं क्योंकि की यंहा शान्ति और पवित्र वातावरण सहज ही परिवर्तन के लिए लाभदायक है ।

हम सब जब तक तनाव मुक्त नहीं होंगे तब तक हम सहयोगी साथियों को एवं बच्चों को भी तनाव मुक्त नहीं बना सकेंगे। कार्यशाला के प्रारंभ में सभी प्राचार्य एवं शिक्षकों को मधुरता, खुशी, दया, शांति जैसे गुणों के स्लोगन बैंड्स हाँथ में बांधे गए। कहा केवल चार व्यक्तियों के सामने स्पष्टीकरण नहीं लेकिन हमारी अंतरात्मा की संतुष्टता ही मेरी ग्रेटनेस है।

प्राची दीदी ने आगे बताया की आज के सुपर कंप्यूटर में क्षमता बहुत है लेकिन फिर भी वह वायरस से स्लो और करप्ट हो जाता है ठीक वैसे ही हमारे ह्यूमन ब्रेन माइंड में भी असीम क्षमता है लेकिन वह भी नेगेटिवटी डिप्रेशन तनाव जैसे वायरस से वह हैंग, अपसेट, चिड़चिड़ापन हो जाता है जिसे हमें जीवन में आध्यात्मिकता को अपनाकर मेडिटेशन से कम करना है मेरा नाम और पद दूसरों के लिए है मेरे लिए स्वयं मैं क्या हूं वह महत्व रखता है मुझे स्वयं में परिवर्तन लाना है जिसे देख दूसरे परिवर्तन होंगे विचार और भावनाएं शरीर की चीजें नहीं है मन की विचारों की शुद्धता के लिए कोई भी मेडिसिन नहीं है।

## सिनियर नेशनल जिमनास्टिक स्पर्धा में छत्तीसगढ़ की टीम लेगी भाग




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सिनियर नेशनल जिमनास्टिक प्रतियोगिता का आयोजन पंजाब में दिनांक 26 से 29 नंवबर तक होने जा रही है। यह प्रतियोगिता जिमनस्टिक फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित है।

इस प्रतियोगिता हेतु 9 नंवबर को छत्तीसगढ़ स्पोर्ट्स जिमनास्टिक एशोसिएशन द्वारा ट्रायल रखा गया था जिसमें राज्य से कुल पुरूष एवं महिला में से 17 जिमनास्ट खिलाड़ियों ने अपना ऑन लाईन पंजीयन कराया।

उक्त प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करने के लिए पंजीयन जिमनास्टो का सलेस्कशन ट्रायल पश्चात बालक वर्ग में 6 जिमनास्ट एवं बालिका वर्ग में 5 जिमनास्ट खिलाड़ियो का चयन किया गया। बालक वर्ग में - ए नवीन साई, धनशयाम महाकुर, टुकेश साहु, अभिषेक सोनी, राहुल मंडावी, सुर्यकांत सोनवानी बालिका वर्ग में रेशमा साहु, चंचलरात्रे, सोनाली पात्रो,हेमवती सेनड्रम एवं प्रिति का चयन हुआ।

यह टिम छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से सीनीयर नेशनल जिमनास्टिक प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करेगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950